तव तट निकटे यस्य निवास लु वैकुण्ठे तस्य निवासः ॥१०॥

वरमिह नीरे कमठो मीनः किं वा तीरे शरटः क्षीणः।
अथवा श्वपचो मलिनो दीनः तव न हि दूरे नृपतिकुलीनः ॥११॥

भो भुवनेश्वरि पुण्ये धन्ये देवि द्रवमयि मुनिवरकन्ये।
गङ्गास्तवमिमममलं नित्यं पठति नरो यः स जयति सत्यम् ॥१२॥

येषां हृदये गङ्गा भक्तिः तेषां भवति सदा सुखमुक्तिः।
मधुराकन्ता पञ्झाटिकाभिः परमानन्दकलित ललिताभिः ॥१३॥

गङ्गास्तोत्रमिदं भवसारं वांछितफलदम् विमलं सारम्।
शंकरसेवक शंकर रचितं पठति सुखीः तव इति च समाप्तम् ॥ १४॥

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादस्यशिष्या
श्रीमत्शंकरभगवत कृतौ

**श्रीगङ्गाष्टकम्**

भगवति तव तीरे नीरमात्राशनोऽहं
विगतविषयतृष्णः कृष्णमाराधयामि।
सकलकलुषभङ्गे स्वर्गसोपानगङ्गे
तरलतरतरंगे देविगङ्गे प्रसीद ॥ १॥

भगवति भवलीलामौलिमाले तवांम्भः
कणमणुपरिमाणं प्राणिनो ये स्पृशन्ति ।
अमरनगरनारिचामरग्राहिणीनां
विगतकलिकलंकातंकमंके लुठन्ति ॥२॥

ब्रह्माण्डं खण्डयन्ती हरशिरसि जटावल्लिमुल्लासयन्ती
स्वल्लोकादापतन्ती कनकगिरिगुहागण्डशैलात् स्लन्ती।
क्षोणीपृष्ठे लुठती दुरितचयचमूनिर्भरं भत्सार्यन्ती
पाथोधिं पुरयन्ती सुरनगरसरित् पावनी नः पुनातु ॥३॥

मज्जन्मातङ्गकुम्भच्युतमदमदिरामोदमत्तालिजालम्
स्नानैः सिद्धाङ्नानां कुचयुगविगलत् कुंकुमासंगपिंगम् ।
सायंप्रातर्मुनीनां कुशकुसुमचयैः छन्नतीरस्थनीरं
पायान्नो गाङ्गमम्भं करिकलभकराक्रान्तरं हस्तरंगम् ॥४॥

आदावादिपितामहस्य नियमव्यापारपात्रे जलम्
पश्चात् पन्नगशायिनो भगवती पादोदकं पावनम्।
भूयः शम्भुजटाविभूषणमणिः जहनोर्महर्षेरियं
कन्या कल्मषनाशिनी भगवती भागीरथी दृश्यते ॥ ५॥

शैलेन्द्रात् अवतारिणी निजजले मज्जत् जनोत्तारिणी
पारावारविहारिणी भवभयश्रेणी समुत्सारिणी।
शेषाहेरनुकारिणी हरशिरोवल्लिदलाकारिणी
काशीप्रान्तविहारिणी विजयते गङ्गा मनूहारिणो ॥ ६॥

कुतो वीचिर्वीचिस्तव यदि गता लोचनपथं
त्वमापीता पीतांबरपुग्निवास वितरसि।
त्वदुत्सङ्गेङ्गगे पतति यदि कायस्तनुभृतां
तदा मातः शातक्रतवपदलाभोऽप्यतिलघुः ॥ ७॥

गंगे त्रैलोक्यसारे सकलसुरवधूधौतविस्तीर्णतोये
पूर्णब्रह्मस्वरूपे हरिचरणरजोहारिणि स्वर्गमार्गे।
प्रायश्चितं यदि स्यात् तव जलकाणिक्रा ब्रह्महत्यादिपापे
कस्त्वां स्तोतुं समर्थः त्रिजगदघहरे देविगङ्गगे प्रसीद ॥ ८ ॥

मातर्जाह्नवी शम्भुसंगवलिते मौलै निधायाञ्जलिं
त्वत्तीरे वपुषोऽवसानसमये नारायणाङ्घ्रिद्वयम्।
सानन्दं स्मरतो भविष्यति मम प्राणप्रयाणोत्सवे
भूयात् भक्तिरविच्युता हरिहरद्वैतात्मिका शाश्वती ॥ ९॥

गङ्गाष्टकमिदं पुण्यं यः पठेत् प्रयतो नरः।
सर्वपापविनिर्मुक्तो विष्णुलोकं स गच्छति ॥ १०॥

–असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
हिन्दू महिला महाविद्यालय
सोनीपत (हरियाणा)

# हरिहर का नाट्य नैपुण्य

**- डॉ. कैलाश नाथ द्विवेदी**

विश्ववाङ्मय में संस्कृत नाट्य साहित्य की प्राचीनता सर्वविदित है। वैदिककाल से सभी नाट्यागों - वस्तु पाठ्य, पात्र-संवाद, रसाभिव्यक्ति, नृत्य-संगीत-अभिनय आदि की अवस्थिति ऋग्वेद में यम-यमी, उर्वशी-पुरुरवा, सरमा-पणि के सूक्त संवादात्मक रूप में विद्यमान हैं। रामायण, महाभारत, हरिवंशादि पुराण ग्रन्थों में नट, (शैलूष) नर्तक, नाटक, रंगशाला, रंगमंच, आदि का उल्लेख हुआ है। पाणिनि ने 'पाराशर्य शिलालिभ्या भिक्षुनटसूत्रयो:' सूत्र में नाट्यशास्त्र का सश्रद्ध स्मरण किया है। नटसूत्रों के आधार पर अनेक नाटककारों द्वारा नाट्यग्रन्थों की रचना प्राचीन काल से ही होना स्वत: सिद्ध होता है, इसका प्रमाण भास, शूद्रक, कालिदास, अश्वघोष, विशाखदत्त, हर्ष, भट्टनारायण, भवभूति, भीमट, राजशेखर, दिङ्नाग, मुरारि, जयदेव, क्षेमीश्वर आदि नाट्य रचनाकारों की अनेक प्राचीन नाट्य रचनाओं से हमें प्राप्त होता है।

मध्यकाल में संस्कृत नाट्य रचना परम्परा अविच्छिन्न रूप से दृष्टिगत होती है, जिसमें कृष्ण मिश्र, कुलशेर वर्मा, वीसल देव, विगहराज, वत्सराज, रविवर्मा, हस्तिमल्ल, रूप गोस्वामी, शेर कृष्ण, प्रहलादनदेव, हरिहर, जगज्ज्योतिर्मल आदि नाटककारों की नाट्यकृतियाँ प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं। संस्कृत के प्रतीक नाटकों की समृद्ध रचना परम्परा पूर्व मध्यकाल से अब तक प्रवर्तित है, जिसमें कृष्ण मिश्र, वेंकटनाथ कवि कर्णपूर, गोकुलनाथ, आनन्दराय मखी 'वेदकवि'आदि की प्रतीकात्मक रूपक, अर्वाचीन संस्कृत नाटकों की रचना अति समृद्ध है जिसमें हरिदास सिद्धान्तवागीश, लक्ष्मणसूरि, पंचानन तर्करत्न, जीवन्यायतीर्थ, कालीपद, मूलशंकर माणिकलाल, महालिंग शास्त्रि, मथुराप्रसाद दीक्षित, वेकटराम राघवन्, विष्णुपद भट्टाचार्य, लीलाराव, विश्वेश्वर, यतीन्द्र विमल चौधरी, रमा चौधरी, श्रीराम वेलणकर, श्रीधर भास्कर वर्णेकर आदि को विभिन्न प्रकार की सरस नाट्य रचनाएं नाट्यशस्त्रीय दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।

महाभारत के अंगभूत हरिवंश पुराण के ९१ से ९७ अध्यायों में लीलापुरुषोत्तम श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न की वज्रनाभ की कन्या प्रभावती के साथ परिणय की लोक विश्रुत कथा की लोकप्रियता को ध्यान में रखकर हरिहर ने 'प्रभावती परिणयम्' नामक श्रृंगार-वीर रस प्रधान सात अंकों के नाटक की रचना की।

नाटककार हरिहरकृत 'प्रभावती परिणयम्' की प्रस्तावना (आमुख) और हरिहर सुभाषित के अनुसार हरिहर मिथिला क्षेत्र के बिट्ठोर नामक ग्राम के निवासी थे। जहा इनका जन्म सन् १५९५ ई. में हुआ था। माता का नाम लक्ष्मी तथा इनके पिता का नाम राघव, पितामह का नाम हृषीकेश था। परवर्ती नाटककार गोकुलनाथ (सत्रहवीं शती) ने इनको अपना वृद्ध पितामह कहा है। नाटककार ने अपने नाना का नाम श्री रामेश्वर और अनुज का नाम नीलकण्ठ बताया है, जिनके पढ़ने के लिये 'प्रभावती परिणयम् की इन्होंने रचना की थी। 'भर्तृहरि निर्वेद' तथा ''हरिहर-सुभाषित" या 'सूक्त मुक्तावली' इनकी अन्य बहुश्रुत रचनाए हैं, जिनमें इनका तलस्पर्शी वैदुष्य और बहु आयामी व्यक्तित्व अभिव्यक्त हुआ है।

नाटककार हरिहर मूलत: मनीषी दार्शनिक विद्वान् थे। अतएव इनकी कृतियों में न्याय, मीमांसा, वेदान्त, सांख्य-योग, व्याकरण, आदि का गम्भीर ज्ञान वर्ण्य विषय के साथ व्यंजित है। इसके अतिरिक्त नाटककार का धर्मशास्त्र, काव्य एवं नाट्यशास्त्र, संगीत शास्त्र, सैन्य शास्त्र, समाज एवं राजनीति शास्त्र आदि विभिन्न विषयों का प्राय: प्रकाण्ड पाण्डित्य प्रकट होता है। जिनसे इनका व्यक्तित्व अत्यन्त आकर्षक था। हरिहर समसामायिक सामन्तवादी सामाजिक तथा राजनैतिक परिस्थितियों के साथ पौराणिक प्रेमाख्यानों से प्रभूत प्रभावित थे जिससे उत्प्रेरित इन्होंने ''प्रभावती परिणयम्'' नामक नाटक की रचना की।

प्रभावती-परिणयम् हरिवंश पुराण (९१-९७ अध्याय) की प्रख्यात कथावस्तु पर आधृत सात अंकों की श्रृंगार-वीररस प्रधान एक श्रेष्ठ नाट्य कृति है। जबकि भर्तृहरि निर्वेद उज्जैन नरेश महाराज भर्तृहरि के लोक विश्रुत जीवन चरित पर आधृत शान्त रस प्रधान सरस नाटक है। हरिहर सुभाषित अथवा सूक्ति मुक्तावली में सांसारिक जीवन के विभिन्न पक्षों पर आधृत सामान्य अनुभूतियों का सुन्दर समावेश है। जिन पर पूर्ववर्ती अनेक कृतियों की अनुच्छाया परिलक्षित होती है।

'प्रभावती परिणयम्' पर श्रीमद् भागवत् एवं विष्णुपुराण का उतना प्रभाव नहीं है, जितना महाभारत के अंगीभूत हरिवंश पुराण का प्रभाव। नाटककार हरिहर इसके ९१-९७ अध्यायों में वर्णित सम्पूर्ण कथावस्तु, पात्र योजना एवं रस निष्पत्ति को यथावत् ग्रहण किया है। हरिहर 'प्रभावती परिणयम्' के छाया तत्त्व के साथ ही एकोक्ति प्रयोग से प्रभूत प्रभावित हुए हैं। जिसे षष्ठांक के वर्षा वर्णन में देखा जा सकता है। इस पुराण की कथा वस्तु पर आधृत पूर्ववर्ती नाटककार रवि वर्मा (१३ वीं शताब्दी ई) के प्रद्युम्नाभ्युदयम्' का भी पर्याप्त प्रभाव 'प्रभावती परिणयम्' पर पड़ता परिलक्षित होता है।

प्रभावती परिणयम् की रचना नाट्य शास्त्रीय सिद्धांतों के सर्वथा अनुरूप है। हरिवंश पुराण के ९१-९७ अध्यायों में वर्णित होने से इसकी कथावस्तु प्रख्यात है। जिसका पल्लवन सात अंकों के अंतर्गत पांच अवस्थाओं-प्रारम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति एव फलागम, पंच प्रकृतियों-बीज बिन्दु, पताका, प्रकरी तथा कार्य एवं पञ्च सन्धियों -- मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण के साथ प्रस्तुत किया गया है।

कथावस्तु में यतकिञ्चित् परिवर्तन नाटकीय प्रभावोत्पादकता के कारण किया गया है। जिससे इसमें किञ्चित् शैथिल्य नहीं जान पड़ता है। क्योंकि यथा सम्भव विषकंभक और प्रवेशक का भी यथा स्थान प्रयोग किया गया है। यथा- ''प्रभावती परिणयम्'' के द्वितीय अंक के प्रारम्भ में कंचुकी एवं सुवदना के संवाद, पंचम अंक में भद्र और तरलिका के षष्ठ अंक में कंचुकी तथा कुंजक एवं सप्तम अंक में कंचुकीपुरोधा के संवादों में विषकम्भक का सुन्दर प्रयोग द्रष्टव्य है।

हरिवंश पुराण के आधार पर ही नाटककार हरिहर ने प्रभावी पात्र योजना ''प्रभावती परिणयम्'' में प्रस्तुत की है। इसमें नायक, कुमार, प्रद्युम्न है तथा गद, साम्ब, भद्र, सारण, वजनाभ, सुनाभ, नारद आदि अन्य पुरुष पात्र हैं। नाटकीय दृष्टिकोण से इसमें नट, सूत्रधार. कंचुकी, दौवारिक, कुब्जक जैसे अन्य पात्रों का भी संक्षिप्तसमावेश है।

प्रमुख स्त्री पात्रों में प्रभावती नाटक की नायिका है तथा चन्द्रवती एवं गुणवती के अतिरिक्त इसकी सहायिकाएं शुचिमुखी, सुवदना, शालभंजिका, वासन्तिका, तरलिका, परभृतिका, नाट्य शास्त्रीय आधार पर प्रस्तुत हैं। नायक कुमार प्रद्युम्न धीरोदात्त, प्रतापी एवं सर्वगुण सम्पन्न है। इसके अनुरूप नायिका प्रभावती अपने

नामानुरूप रूप, शील, गुण सम्पन्न धीरा है जो अपने मनोवांछित प्रेमिका प्राप्ति संकल्प में सर्वथा सफल होती है।

सभी स्त्री पुरुष पात्रों का संवाद सौष्ठव उनके स्वाभाविक अभिनय (आंगिक, वाचिक, आहार्य और सात्विक) के कारण अत्यन्त प्रभावपूर्ण है। इसमें सात्वती, भारती, कैशिकी, नाट्य वृत्तियां प्रमुखतः प्रयुक्त हैं। 'प्रभावती परिणयम्' शृंगार-वीर रस प्रधान एक उत्तम नाट्य रचना है जैसा कि नाटककार ने शाम्ब के माध्यम से स्पष्ट उद्घोषण कर दी है-**एकत्र रम्यरमणीरमणानुरक्तं, देवद्विषामपरतो दलनोदयतन्नः। चेतः प्रयातुमिह वज्रपुरानुरोधं शृंगारवीरशबलत्वमतं करोति॥** (प्रभा०५/२४)

वस्तुतः यह नाटक अपनी उत्तम रस निष्पत्ति के कारण सामाजिकों को आवर्जित करने में सर्वथा समर्थ है। समासतः नाट्य शास्त्रीय सभी सिद्धांतो के समुचित समावेश से 'प्रभावती परिणयम्' एक स्तरीय सरस नाट्य रचना है।

''प्रभावती परिणयम्'' का काव्य सौष्ठव विभिन्न दृष्टियों से अत्यन्त उत्कृष्ट है। प्रद्युम्न सहित सभी पुरुष पात्रों की भाषा सरल संस्कृत है, जबकि स्त्री पात्रों में शुचिमुखी के संवाद संस्कृत भाषा में है। शेष सभी स्त्री पात्रों की भाषा शौरसेनी प्राकृत है। भाषा में सर्वत्र प्रांजलता, प्रासादिकता तथा प्रवाह पाया जाता है। पदावली प्रसाद और माधुर्य गुण प्रधान होने से इसमें वैदर्भी रीति का सुन्दर प्रयोग पाया जाता है। जबकि पांचाली और गौड़ी रीति स्वल्प स्थानों में सुचारु रूप से प्रयुक्त है।

'प्रभावती परिणयम्' की छन्दोलंकार योजना प्रायः प्रसंगानुरूप है जिससे भावाभिव्यक्ति सरस और सशक्त हो जाती है। नाटककार हरिहर ने आर्या जैसे मात्रिक छंद के अतिरिक्त प्रायः सभी वर्णिक छन्दों का उत्तम प्रयोग किया है। जिनमें अनुष्टुप, उपेन्द्रवज्रा, इन्द्रवज्रा, उपजाति, शालिनी, वंशस्थ, द्रुतविलम्बित, वसन्ततिलका, मालिनी, शिरिणी, हरिणी, मन्दाक्रान्ता, शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा आदि का प्रसंगानुकूल प्रयोग उल्लेनीय है। इन सभी छन्दों में अर्थोत्कर्ष लाने के लिए प्रायः सभी शब्दालांकारों- अनुप्रास, यमक, श्लेष तथा प्रचलित प्रमुख अर्थालकारों का नाटक में स्वाभविक समावेश है। यथा -

**( १ ) चिरं विचारेण विलम्बयन्ति, कार्येण कालेन लघूभवन्ति**
**तदुद्यमं नीतिविचारशीलाः, शुभस्य शीघ्रं समुदाहरन्ति॥** (प्रभा. ३/१७)

**( २ ) यत्राद्भुते कर्मणि साहसैक, चित्राः प्रवृत्ताः पुरुषा भवन्ति।**
**पुराविदो निर्भरतैकमूलं, तत्रानुकूलं शकुनं स्मरन्ति॥** (प्रभा. ३/२४)

"प्रभावती परिणयम् का प्रकृति चित्रण कथावस्तु के सर्वधा प्रसंगानुकुल ही है जो कहीं आलम्बनात्मक है तो कहीं उद्दीपनात्मक तो कहीं मानवीकृत सचेतन रूप में अत्यन्त सरस है। इस दृष्टि से प्रभात (सूर्योदय), मध्याह्न, सूर्यास्त, चन्द्रोदय के अतिरिक्त षष्ठांक का वर्षा वर्णन सर्वथा सहृदय हृदयग्राही है। नाटककार ने हरिवंश पुराण (९५ अध्याय) और मृच्छकटिक (पंचम अंक) की अनुच्छाया में प्रकृति-चित्रण करते हुए चन्द्रोदय, वर्षावर्णन तथा सरस एकोक्ति रूप में अन्य प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन किया है। यथा-

**पुलकयति. गण्डमालीमलकावलीमाकूली क्रियते।**
**कलयति चंचलमंचलमहमिव जलदानिलः सुतनोः॥**

(प्रभा० ६/२४)

प्रभावती परिणयम् की कथावस्तु हरिवंश पुराण के सर्वथा अनुरूप ही है। हरिवंश पुराण के प्रत्येक अध्याय को अंक के रूप में नाटकीय कलेवर प्रदान कर हरिहर ने मूल कथावस्तु को यथावत् सरस रूप में प्रस्तुत किया है। कहीं-कहीं कुछ नाटकीय दृष्टि से कथावस्तु की प्रस्तुति किञ्चित् परिवर्तित सी प्रतीत होती है-

यथा-नाटक के चतुर्थ अंक में अंकित प्रद्युम्न कृत भ्रमरबाधा तथा तिरस्करणी में प्रच्छन्न प्रद्युम्न की पडती प्रतिच्छाया चमत्कार पूर्ण परिवर्तित सी है। हरिवंश पुराण (९१-९७ अध्यायों में) विद्यमान सभी स्त्री-पुरुष पात्रों की अपेक्षा प्रभावती परिणयम् में नाट्य शास्त्रीय दृष्टिकोण से अतिरिक्त अन्य पुरुष स्त्री पात्रों को नाटककार ने प्रयुक्त किया है। यथा-नट, सूत्रधार, कंचुकी, कुब्जक, दौवारिक तथा शालभंजिका, तरलिका, वासन्तिका, परभृतिका आदि। से सभी पात्र पुराणानुसार ही नाटककार के द्वारा प्रयुक्त हुए हैं। कतिपय पात्रों के माध्यम से हरिहर ने जो लोक जीवन के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित सरस सुभाषित तथा चित्र प्रयुक्त किए हैं, वही इस नाटक की अपनी मौलिकता है।

'प्रभावती परिणयम्' में नाटककार हरिहर का हरिवंश पुराण को ध्यान में रखते हुए गम्भीर शास्त्रीय ज्ञान वर्य विषय के साथ व्यक्त हुआ है। जिसमें मनुप्रोक्त गान्धर्व विवाह जैसे संस्कार, पैतृक दायभाग-विभाजन, तीर्थयात्रा, वर्ण व्यवस्था आदि विभिन्न धर्म शास्त्रीय संगत विचार प्रतिपादित हैं। विद्वानों की जन्मभूमि मिथिल से अनुप्रणीत हरिहर का दर्शनशास्त्रीय गहन ज्ञान नाटक के अनेक स्थलों में प्रकट हुआ है, जिसमें तर्क शास्त्र, न्याय, सांख्य योग, मीमांसा, वेदान्त, उल्लेखनीय है।

नाटककार महौषधि अथवा सिद्धौषधि प्रयोग द्वारा अपनी आयुर्वेद प्रवीणता को प्रकट करता है। इसी प्रकार जीवविज्ञान, ज्योतिष, व्याकरण, चित्रकला, संगीत शास्त्र, काव्य एवं नाट्यशास्त्र, सैन्यशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान विषयक, गम्भीर ज्ञान, नाटककार ने वर्ण्य विषय के साथ निपुणता से व्यवत कर दिया है। विभिन्न जलचर, थलचर और खगों की गुण प्रकृति, सूर्य,चन्द्र आदि ग्रहों का स्वरूप, विभिन्न चित्रोपकरण-चित्रफलक, वर्ण, चित्रशाला आदि। गायन में प्रयुक्त स्वरों ग्रामों का आरोह -अवरोह, ताल लय, चर्तुविध विभिन्न वीणा वंशी, मृदंग, शंख आदि वाद्य, भावानुसार नर्तन, अभिनय का शास्त्रीय स्वरूप सैन्य संगठन-सेना का स्वरूप, सैन्य सन्निवेश-स्कन्धावार सैन्योपकरणों, विभिन्न शस्त्रास्त्रों का समुचित प्रयोग, यौद्धिक वाद्यों, साम-दाम-दण्ड-भेद प्रयोग के साथ राजनीति, कूटनीति सहित परिवार, ग्राम, नगर का सामाजिक स्वरूप, मदनोत्सव जैसे सांस्कृतिक उत्सवों स्त्री, पुरुषों, पशुओं का मनोविज्ञान ज्ञान व्यक्त कर नाटककार ने उपर्युक्त विभिन्न शास्त्रों के अपने अप्रतिम पाण्डित्य को पुष्ट कर दिया है। इसमें विशेषतः यह है कि वर्ण्य विषय में यथा स्थान शास्त्रीय ज्ञान के प्रयोग से नाटक की सरसता कुछ भी बाधित नहीं होती और न पात्रों के संवाद ही बोझिल होते हैं।

हरिवंश पुराण की कथावस्तु को ध्यान में रखते हुए नाटककार हरिहर की यही अपनी मौलिकता 'प्रभावती परिणयम्' में द्रष्टव्य है।

''प्रभावती परिणयम्'' में केवल पूर्ववर्ती हरिवंश पुराण (९१-९७ अध्याय) की कथावस्तु का अनुहरण ही नहीं, अपितु अनेक पूर्ववर्ती लोकप्रिय नाटककारों की नाट्यकृतियों की अनेक प्रकार की अनुच्छाया इसमें परिलक्षित है। यथा -भास के सुप्रसिद्ध नाटकों के भरत वाक्य, कालिदास, शूद्रक, हर्ष के नाटकों का

शिवस्तवनपूर्ण नान्दीपाठ, कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तल में दुष्यन्त शाकुन्तल प्रणय कथा की प्रमुख घटनाओं- नायिका का भम्रर बाधा से पीड़ित होना, काम पीड़ित होकर नायक को मदन लेख लिखना। नायक या नायिका का चित्रांकन (छायातत्त्व) सर्वथा साम्यपूर्ण है। पात्रों के सूक्तिपूर्ण संवादों में कहीं-कहीं अभिज्ञानशाकुन्तला' का अद्‌भुत साम्य 'प्रभावती परिणयम्' में विद्यमान है।

शूद्रककृत 'मृच्छकटिकम् के पंचम अंक में प्रकृति चित्रण के रूप में प्रस्तुत वर्षावर्णन की भावसाम्यपूर्ण अनुच्छाया 'प्रभावती-परिणयम्' के षष्ठ अंक में प्राप्त होती है। इसी प्रकार इसमें नैश अंधकार और चन्द्रोदय चित्रण भी पर्याप्त साम्यपूर्ण है।

श्री हर्षवर्धन विरचित रत्नावली के नान्दी पाठ, आमुख सूर्यास्त तथा छाया तत्त्व (चित्रांकन) संदर्भ प्रभावती परिणयम् से पर्याप्त मिलते जुलते हैं। इस नाटिका में प्रयुक्त अनेक शार्दूलविक्रीडित की पदावली को हरिहर ने अपनी इस नाट्य रचना में यथावत् प्रयुक्त किया है।

महाकवि भवभूति के सुप्रसिद्ध 'उत्तररामचरितम्' में प्रयुक्त कई शिखरिणी शार्दूलूविक्रीडित छन्दों के भाव एवं पदावलियों की अनुच्छाया 'प्रभावती परिणयम्' पर पड़ती परिलक्षित है। मयूर, नर्तन, थकान हरने वाली गोदावरी, जलकणवाही सशीकर पवन आदि (प्रभा. ५/१९) उत्तररामचरितम् के तृतीय अंक से सर्वथा साम्यपूर्ण है।

'प्रभावती परिणयम्' की प्राख्यात कथावस्तु न केवल पूर्ववर्ती हरिवंश पुराण के सात अध्यायों (९१-९७) से अनुहृत है, अपितु त्रयोदश शती ई. के केरल के राजा रवि वर्मा कृत 'प्रद्युम्नाभ्युदयम्' की कथावस्तु का भी यथावत् अनुहरण हरिहर ने अपने नाटक 'प्रभावती परिणयम्' में किया है। इन दोनों की कथावस्तु के अतिरिक्त पात्र योजना एवं रस निष्पत्ति में भी पर्याप्त साम्य विद्यमान है।

इन उपुर्यक्त पौराणिक एवं नाट्य ग्रन्थों के आधार पर विद्यामान भाव साम्य से यह नहीं समझना चाहिए कि प्रभावती परिणयम् में रचनाकार की साहित्यिक मौलिकता नहीं है। वस्तुतः सुगठित कथावस्तु की गत्वर सरस प्रस्तुति, प्रभावी पात्र योजना, संवादों की मार्मिकता एवं सजीवता, श्रृंगार एवं वीर रस की श्रेष्ठ रसमिति, सहृदय सहृदयग्राही प्रकृति चित्रण की दृष्टि से प्रभावती परिणयम् की मौलिकता श्लाघनीय ही है।

इस नाटक के अद्‌भुत नाट्य संविधान और कथानक की संरचना में छाया तत्त्व प्रतिशीर्षक प्रयोग एकोक्ति उन्मादोक्ति, लोकोक्ति, स्त्री पात्रों का विरोध वक्तव्य गीततत्त्व पात्र विशेष का चारित्रिक वैषम्य भी अद्‌भुत है जो नाट्य प्रेमियों को सहज आवर्जित कर लेता है। इन अनेक नाट्‌य शास्त्रीय विशेषताओं से प्रभावती परिणयम् की पर्याप्त मौलिकता परिलक्षित होती है। जैसा कि कीथ ने समीक्षा करते हुए कहा है।

प्रभावती परिणयम् का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष महत्व है। इस नाटक की पौराणिक कथावस्तु को काव्य एवं नाट्यशास्त्रीय आकर्षक आवरण में अप्रतिम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया है। इसका चारू सरस गीत तत्व चान्द्रोदय, सूर्योदय, सूर्यास्त और वर्षा वर्णन उच्च कोटि के कवित्व से अभिमण्डित है। वहीं इसमें विद्यमान बहुआयामी लोकजीवन की व्यवहारिक लोकोक्तियाँ, अद्‌भुत छाया तत्व (चित्रांकन) से नायिका की चित्रकला प्रवीणता, गायन वादन, नर्तनयुक्त, संगीत का सर्वांग प्रस्तुतीकरण,सामाजिक पर्वो, मदनोत्सव अथवा वसन्तोत्सव का प्रचलन विवाहादि संस्कारों की यथासमय सम्पन्नता, अध्यात्म दर्शन की

वर्ण्य विषय में यथास्थान गहन अनुभूति इसकी साहित्यिक और सांस्कृतिक परिपक्वता को पुष्ट करते हैं।

हरिवंश पुराण (९१-९७) तथा 'प्रद्युम्नाभ्युदयम्' के प्रख्यात आख्यान को यथावत् ग्रहण करते हुए 'प्रभावती परिणयम्' की साहित्यिक (नाट्यशास्त्रीय) सांस्कृतिक महत्ता कथमपि क्षीण नहीं होती, अपितु पूर्ववर्ती लोकजीवन को नाट्य- साहित्य में पर्याप्त प्रभावशालिता और लोकप्रियता इसे प्राप्त होती रही। यही कारण है, नाटककार हरिहर की इस उत्तम नाट्य कृति से प्रभावित होकर मिथिला के ही लोकप्रिय नाटककार जगत् प्रकाश मल्ल ने १६५६ ई. में प्रभावती परिणयम् की मूल कथावस्तु को पूर्णतया ग्रहण कर प्रभावतीहरणम् नामक नाटक की रचना की।

कालान्तर में ''प्रभावती परिणयम्" और 'प्रभावती-हरणम्' से प्रभावित होकर मिथिला नरेश महेश्वर सिंह से सम्मानित स्थानीय प्रख्यात कवि भानुदत्त देवज्ञ ने भी 'प्रभावती हरणम्' नामक नाटक की रचना १८५५ ई. में की। इसमें पात्रों के संवाद संस्कृत और प्राकृत में, जबकि गीतों की प्रस्तुति लोकभाषा मैथिली में की। अतः डॉ. रामजी उपाध्याय आदि आलोचको को मैथिली कीर्तनप्रधान गीतों के कारण इसे कीरतनिया कोटि का रूपक मानना समीचीन प्रतीत होता है, क्योंकि मिथिला के किरतनियाँ नाटकों में कृष्णवंशज प्रद्युम्न जैसे नायकों के विवाह की प्रथा विशेष लोकप्रिय थी।

हरिहरप्रणीत 'प्रभावती परिणयम्' से प्रभावित और अनुप्राणित प्रद्युम्न प्रभावती चरित्रात्मक इस लोकप्रिय नाटक की हस्तलिपि पाण्डुलिपि गंगा नाथ झा, केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रयाग के ग्रन्थागार में विद्यमान है तथा कालान्तर में इसका प्रकाशन दरभंगा (बिहार) से हुआ। इस नाटक में व्रजनाथ नामक दैत्य की कन्या प्रभावती के साथ श्रीकृष्ण पुत्र प्रद्युम्न के परिणय की कथा पूर्ववर्ती हरिवंश पुराण (९१ से ९७ अध्यायों में) एवं प्रभावती परिणयम् के श्रेष्ठ नाटकीय चारुतम कलेवर में रूपायित है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि प्रद्युम्न-प्रभावती चरितात्मक अनेक संस्कृत नाटकों में हरिहर प्रणीत प्रभावती परिणयम् अपने असामान्य श्रेष्ठ साहित्यिक वैशिष्ट्य के कारण एक उत्कृष्ट नाट्यकृति है। निःसंदेह इसके प्रणेता हरिहर का नाट्यशास्त्र को अनुपम अवदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, जिसे नाट्यप्रेमियों द्वारा कदापि विस्तृत नहीं किया जा सकता। माधुर्य-प्रसादगुणपूर्ण ऐसी प्रभावी नाट्य रचना परवर्ती नाट्यसाहित्य में प्रायः परिलक्षित नहीं होती, जिससे नाटककार हरिहर माध्कालीन नाट्य साहित्य में शीर्षस्थ स्थान पाकर सदैव स्मरणीय रहेंगे।

**- सूर्यनगर, 'कुसुम कुलाय',**
**अजीतमल ( औरैया )**
**उ.प्र. २०६१२१ .**

# भारतीय सभ्यता व संस्कृति में राष्ट्रवाद का महत्त्व

**–देश दीपक सिंह**

'राष्ट्रवाद' एक बहुत महत्त्वपूर्ण अवधारणा है। किसी भी देश या राष्ट्र के विकास के लिए यह बहुत महत्त्व रखता है साथ ही, उस देश की एकता व अखण्डता का प्रतीक भी माना जाता है। यह एक प्रकार से संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह माना जाता है कि यह न केवल विचार है बल्कि लोगों से जुड़ी एक ऐसी भावना है जिसमें प्रत्येक नागरिक की स्वामिभक्ति अपने देश के प्रति समर्पित होती है। इस प्रकार जब प्रत्येक व्यक्ति रंग, जाति, लिंग आदि के भेदभाव से ऊपर उठकर अपने देश के प्रति समर्पण की भावना रखता है। इसी प्रकार की भावना ही राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधती है। भारत जैसे विशाल देश के परिप्रेक्ष्य में यह बिल्कुल सटीक बैठती है। भारत विभिन्नताओं का देश है। विभिन्नता में एकता हमारे देश की प्रमुख पहचान है। और इतनी विभिन्नताओं के बावजूद 'राष्ट्रवाद' है। वह भावना है जो सारे देश को एक कर देती है। भारत की यह विशेषता काफी प्राचीन है। इस प्रकार 'राष्ट्रवाद' आधुनिक शब्द होने के बावजूद भारत की सभ्यता व संस्कृतिकी जड़ों में सदा से रहा है।

सामान्यतः यह माना जाता है कि राष्ट्रवाद का जन्म यूरोप से हुआ था। फ्रांसीसी क्रान्ति में पहली बार राष्ट्रवाद की विचारधारा उभर कर आई थी। १७८९ ई. एक फ्रांसीसी पादरी 'आगस्टिन बैरल' ने पहली बार 'राष्ट्रवाद' शब्द का प्रयोग लिखित रूप में किया था।[१] कुछ यूरोपियन विद्वानों के अनुसार 'राष्ट्रवाद' मार्क्सवाद की तरह ही बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर सकने वाली विचारधारा है। दूसरे अर्थों में हम कह सकते हैं कि संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांध सकना 'राष्ट्रवाद' के ही सामर्थ्य में है। सामान्यतः राष्ट्रवाद की शुरूआत यूरोप में १७वीं सदी के आन्दोलनों व १८वीं सदी के ब्रिटिश सिविल वार से मानी जाती है। दूसरी तरफ सैद्धान्तिक तौर पर हर्डर, फिचे व हीगेल जैसे विचारकों ने भी राष्ट्रवाद का बखूबी उपयोग किया।[२]

भारत के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रवाद की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यूरोप से जन्मा होने के बावजूद भारत में इसका काफी ऐतिहासिक महत्त्व है। यह भारत की परंपरा से सदा जुड़ा रहा है। राष्ट्रवाद का विचार आधुनिक हो सकता है परन्तु इसका महत्त्व व प्राचीनता वेदों के ही समकालीन है। यदि हम इस वैदिक उच्चारण को पढ़ते हैं–

**इमं मे गंगे यमुने सरस्वति।**
**शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या॥**
**असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्ययार्गीकीये श्रृणुह्य सुषोमया॥** ऋ.१०.७५.५

---

1. Tejero, Nikolasa, (2011), University of Kentuky, USA, Pg–17.
2. Ibid.

इस प्रकार यह वैदिक उच्चारण भारत की राष्ट्रीय एकता का पहला उदाहरण माना जा सकता है।[३] वैदिक साहित्य में आर्यावृत शब्द का उपयोग कई बार किया गया है, जिसका अर्थ–आर्यों का स्थान से है। दूसरे शब्दों में इसका अर्थ हम भारत की भौगोलिक एकता से भी ले सकते हैं[४]।
एक अन्य श्लोक का उदाहरण भी ले सकते हैं: –

**गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।**
**नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरू॥**

सामान्यत: यह श्लोक हिन्दुओं द्वारा अपनी प्रार्थनाओं में काफी उच्चारित किया जाता है। यह भी हमें एकता के भाव से परिचित करता है।

महाभारत के एक पर्व 'भीष्मपर्व' में भारत की भौगोलिक एकता की भावना का बोध होता है। जिसमें भारत का वर्णन समभुज त्रिकोण के रूप में किया गया है। जिसमें शिखर के रूप में हिमालय तथा प्रस्थान–बिंदु कन्याकुमारी को माना गया है।

ऐतिहासिक रूप में हम यदि हर्षवर्धन के शासन काल (६०६–६४८ ई.पू.) को देखते हैं तो उसका साम्राज्य उत्तर में हिमालय से मालवा, गुजरात व सौराष्ट्र तक फैला हुआ था[५]। समुद्रगुप्त का विशाल साम्राज्य भी उत्तर से दक्षिण भारत तक फैला हुआ था[६]। एक अन्य महत्त्वपूर्ण उदाहरण के रूप में अशोक का साम्राज्य लिया जा सकता है, जो अफगानिस्तान पूरा उत्तर भारत के साथ–साथ उड़ीसा व दक्षिण भारत तक फैला हुआ था[७]।

माना जाता है कि उसका साम्राज्य ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य से भी विशाल था जिसमें आधुनिक बर्मा भी शामिल था[८]। आधुनिक भारतीय इतिहास में भी हमें 'राष्ट्रवाद' के ऊपर चर्चा मिलती है जिसमें कई महान भारतीय विचारकों ने अपने–अपने ढ़ंग से इसके ऊपर प्रकाश डाला है। विवेकानन्द, तिलक, अरविन्दो व गांधी जी ने राष्ट्रवाद के विषय में काफी महत्त्वपूर्ण चर्चा की हैं। इन सभी विचारकों ने राष्ट्रवाद के पारंपरिक पहलू को भी अपने–अपने अनुसार वर्णन किया है।

विवेकानन्द ने भारत के इतिहास में राष्ट्रवाद की आत्मा को खोजने का प्रयास किया। उनके अनुसार भारत वर्ष को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता है। वह कहते हैं कि हमें भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में बनाए रखने के लिए उसके प्राचीन इतिहास से काफी कुछ सिखना चाहिए। भारत जीवित है, भारत में काफी साहस है। हम बिना किसी भय के भारत को सक्षम राष्ट्र बनाने में समर्थ हैं[९]। विवेकानन्द मानते थे कि भारत हमारी माता के समान है जो हमारा लालन–पालन करती है। यह केवल कोई भूमि का टुकड़ा नहीं था। भौगोलिक

3. Mookerji, R.K. The Fundamental Unity of India, P–36.
4. Ibid, P–38.
5. Jha, Dwijendra Narayan & Srimali, Ancient Indian History, P–228.
6. Ibid, P–281.
7. Ibid, P–182-183.
8. Smith, V.A. Ashoka, P–81.
9. Vivekanand Swami. The Complete Works of Swami Vivekanand, Vol. 7, Advait Ashram, P–506-509.

संरचना नहीं है। उनको अपने संस्कृति व परंम्परा में पूर्ण विश्वास था। साथ ही वो चाहते थे कि हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति पर गर्व होना चाहिए, तभी हम एक परिपक्व राष्ट्र बना सकते हैं।

विवेकानन्द ने भगवत् गीता पर ज्यादा कुछ नहीं लिखा था। परन्तु वो गीता के ही उपदेश कर्मयोग में विश्वास करते थे तथा मानते थे कि संघर्ष व मेहनत के बल पर ही प्रत्येक मनुष्य स्वतन्त्रता प्राप्त कर सकता है[१०]। विवेकानन्द एकता के महत्त्व को समझते थे। इसलिए बिना किसी राष्ट्रीय एकता की भावना के बिना भारत की स्वतंत्रता का सपना देखना व्यर्थ है। राष्ट्र निमार्ण के लिए विवेकानन्द शिक्षा के महत्त्व पर जो देते हैं। ऐसी शिक्षा जिसमें आधुनिकता के साथ–साथ ऐतिहासिक–पारम्परिक गुण भी हो। वे एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे जो अपनी सभ्यता व संस्कृति के प्रति सच्चे अर्थों में समर्पित हो। श्री अरविन्दों ने भी राष्ट्रवाद के ऊपर काफी चर्चा की थी। अरविन्दों ने राष्ट्रवाद को वेदों से जोड़ा था। उनके अनुसार वेद ईश्वर तथा मानव के बीच उनको जोड़े रखने की कड़ी है। मानव को मोक्ष प्राप्त करने के लिए ईश्वर के द्वारा दिए गए कार्यों को करना चाहिए तथा राष्ट्रवाद ईश्वर के द्वारा ही दिया गया कार्य है। इसके लिए उन्होंने कर्म को महत्त्वपूर्ण बताया अर्थात् कर्मयोग के द्वारा ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र का निमार्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपना निजी स्वार्थ त्यागकर हमें दूसरों के हितों में अपना स्वार्थ देखना चाहिए। राष्ट्र निर्माण में ही मानवता है। ईश्वर में ही वेदों का अर्थ दिया है[११]। निस्वार्थ भावना का ज्ञान उन्होंने 'गीता' से लिया था। इसलिए 'गीता' उनके लिए 'प्रेरणा स्त्रोत' थी। वेदों के अनुसार ईश्वर तथा आत्मा एक ही है। परन्तु इन्हें केवल सच्चे ज्ञान द्वारा ही एक किया जा सकता है अरविन्दों ने इस पवित्र सिद्धान्त की राजनीतिक व्याख्या करते हुए कहा था कि राष्ट्रवाद एक दैविय देन है। राष्ट्र में ही ईश्वर का निवास होता है। तथा वह राष्ट्र के नागरिकों के हृदय में वास करता है। अरविन्दों कहते थे–भारत की स्वतंत्रता के पीछे भी एक दैवीय उद्देश्य छिपा है। इस प्रकार स्वतन्त्रता आंदोलनों के पीछे दैवीय शक्ति है[१२]। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि श्री अरबिन्दो के राष्ट्रवाद के विचारों की जड़ें भारतीय परम्परा से जुड़ी है।

विवेकानन्द व अरबिन्दों घोष ने व्यक्ति में ईश्वर को खोजने की बात की। साथ ही अरबिन्दो ने गीता के राजनैतिक पक्ष को उजागर करने का प्रयास किया। इसके विपरीत लोकमान्य तिलक ने गीता के नैतिक पक्ष को अधिक महत्व दिया। तिलक ने गीता की शिक्षाओं को कान्ट जैसे विचारकों के सिद्धान्तों से भी तुलना का प्रयास किया। कान्ट के सिद्धान्त राजनैतिक कर्त्तव्यों पर आधारित थे।

तिलक के राष्ट्रवाद के सिद्धान्त का आधार 'स्वदेशी' था। उन्होंने गीता के सिद्धान्तों को कान्ट के विचारकों से अधिक श्रेष्ठ व महत्त्वपूर्ण माना था पूर्ण रूप से मन तथा मस्तिष्क को शुद्ध करने के लिए गीता के सिद्धान्त बहुत महत्त्वपूर्ण है।

इस प्रकार तिलक कहते हैं–यह प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह अनैतिक और अन्यायी विदेशी संस्कार का विरोध करें। तिलक का स्वदेशी होने का सिद्धान्त हमें प्राचीन इतिहास में भी भारत के एक राष्ट्र के

10. Verma, V.P. The Life and Philosophy of Lokmanya Tilak, P–492.

11. Ghose, Aurbindo Karm Yogin: Early Political Writings–II, Vol–II, P–30.

12. *Ibid*, P–276.

रूप में होने का बोध कराता है। तिलक का कहना था कि प्राचीन समय में भी भारत एक राष्ट्र की तरह था क्योंकि हम सभी एक ही हिन्दू परम्परा से जुड़े थे। हम सब की मातृभूमि एक ही थी और साथ ही सभी एक प्रकार के शास्त्रों के सिद्धान्तों से जुड़े थे। इसलिए राष्ट्र का निर्माण केवल आधुनिक विचार नहीं है। इस प्रकार राष्ट्रवाद भारत की परम्परा में वैदिक काल से सम्मिलित है।

गांधी जी भी भारत के वैदिक दर्शन में विश्वास करते थे। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर वेदों और गीता के सिद्धान्तों की व्याख्या की। गांधी जी अद्वैतवाद के समर्थक थे तथा सत्य की खोज करना चाहते थे। भारतीय दर्शन के अनुसार सत्य तथा ज्ञान के द्वारा ही ईश्वर को जाना जा सकता है।[१३] गांधी के अनुसार–मनुष्य को सदा सत्य की खोज करनी चाहिए, सत्य को तुरन्त समझना मुश्किल होता है। परन्तु, उसे सत्य से संबधित बातों को समझना चाहिए। जिसको समझने के लिए मनुष्य को अपने विवेक का उपयोग करना चाहिए।[१४] इस प्रकार गांधी कहते थे कि उनका जीवन कुछ और नहीं केवल सत्य की खोज के लिए है। मोक्ष उनका अंतिम लक्ष्य है। गांधी ने गीता की व्याख्या अपने शब्दों में करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए सत्य, अहिंसा व सेवा सबसे महत्त्वपूर्ण हैं। वे कहते थे कि गीता हमें अनासक्ति–योग की शिक्षा देती है। अर्थात कर्त्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित करती है। परन्तु बिना स्वयं को जाने और स्वार्थ को त्याग किये कर्त्तव्य नहीं निभाए जा सकते। उनके अनुसार गीता एक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है। और उसका अनुसरण अपनी जरूरतों के अनुसार हमारा कर्त्तव्य है। इसलिए गांधी ने स्वधर्म की बात की।[१५] उन्होंने गीता को राष्ट्रनिर्माण में सहायक बताया। इन सबके बावजूद भारत में धर्म की अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यह भारत की परम्परा का मूल है। धर्म का विचार नैतिक होने के साथ दार्शनिक भी है। जो हमारे जीवन को व्यवस्थित करके मार्गदर्शन करता है। धर्म का अर्थ ऋत से सबंधित है। अर्थात् सच्चाई, ईमानदारी, नीति ही धर्म का आधार है।[१६] वैसे धर्म की विभिन्न प्रकार से व्याख्या की गई है। धर्म को रीति–रिवाजों, परम्पराओं, संस्कृति, सभ्यता, संस्कारों के साथ जोड़ा जाता है। साथ ही यह नीति मार्गदर्शक भी है। धर्म हमें कर्त्तव्यों की शिक्षा देता है। न्याय सत्य, समानता, नैतिकता आदि का प्रतीक भी धर्म ही है।

धर्म का उद्देश्य मानव के जीवन को नियंत्रित करते हुए सहज बनाना होता है। धर्म के दो पहलु होते हैं। व्यैक्तिक तथा सामाजिक। वर्णाश्रम व्यक्ति की स्थिति उसके कार्यों द्वारा समाज में दर्शाती है तथा आश्रम धर्म से व्यक्ति के जीवन के चार महत्त्वपूर्ण कालों का पता चलता है।[१७] राजधर्म भी एक प्रकार का धर्म माना जाता है। जिसका अर्थ राजा के कर्त्तव्यों से लिया जा सकता है। सभी लोगों के साथ प्राणियों को शरण देना व उनकी रक्षा करना राजधर्म है।[१८] इस प्रकार एक सुशासित राज्य की स्थापना उसके राजा के कर्त्तव्यों पर निर्भर करती है। साथ ही महाभारत के भीष्म के अनुसार 'राजधर्म' सभी धर्मों में श्रेष्ठ है। इसके बिना लोग अपने कर्त्तव्यों से विमुख हो

---

13. Gandhi, M.K.
14. *Ibid*, P–96.
15. Nalini, Pandit, Gandhi Granthawali, Bombay, P–52-56.
16. Apte, V.S. The Students, Sanskrit English Dictionary, Pune.
17. Mac, Dermott, Basic Writings of S. Radha Krishnan, P–93.

जाएँगे और  सामाजिक व्यवस्था भी नष्ट हो सकती है। यह सही है कि सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा व उनका विकास करना भी राजा का ही कर्त्तव्य होता है। धर्म ही प्रभुसत्ता है। यही राजाओं का भी राजा है। इस प्रकार जीवन तथा ब्राह्मण का आधार धर्म ही है। यह कहा जा सकता है कि प्राचीन काल में धर्म' राजनीति का दिशा-निर्देशक होने के साथ सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में सहायक था।

यह कहना बिल्कुल सही रहेगा कि 'राष्ट्रवाद' एक ऐसा विचार है जो राष्ट्र को निर्मित करने में सहायक होने के साथ-साथ लोगों में एकता का संदेश देने का भी कार्य करता है। लोगों को एकता व अखण्डता बनाए रखना राष्ट्रवाद के द्वारा ही संभव है। यह कोई केवल आधुनिक विचारधारा जो यूरोप से जन्मित नहीं है। इसके मूल हमें इतिहास के गर्भ में भी प्राप्त होते हैं। प्राचीन काल जब से वैदिक परम्परा की भारत में शुरुआत हुई तब से ही इसके अंश देखे जा सकते हैं। राष्ट्रवाद और धर्म एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ही सामाजिक व राष्ट्रीय एकता के सूचक हैं। धर्म लोगों को कर्त्तव्यों का पाठ सिखाते हुए उनमें एकता के गुणों का सूत्रपात करता है। हिन्दु धर्म का भी यही कार्य है। हिन्दू धर्म न केवल धर्म है बल्कि यह परम्परा, सभ्यता, संस्कृति कर्त्तव्यों आदि का संग्रह जो भारत की एकता का प्रतीक है। इसने न केवल भारत के लोगों को एकता के सूत्र में बांधा है बल्कि विदेशों से आए हुए आक्रमणकारियों तथा लोगों को भी अपने अन्दर सगंठित करके भारत की राष्ट्रीय पहचान को गर्वित किया है। भारत में अनेक प्रकार के लोग रहते हैं। जो जाति, धर्म, भाषा के आधार पर भिन्न हैं। परन्तु हिन्दू धर्म में उन्हें भिन्न होते हुए भी एकता के सूत्र में बांधा है। इसलिए ही तो कहा जाता है, भारत विभिन्नताओं का देश है और अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। यही भारत के सच्चे राष्ट्रवाद की पहचान है।

## Bibliography

**1.** Ram Krishnan, R. Swami Vivekanand, P–1.

**2.** Tara Chand, A History of Indian Freedom Movement, Vo. 1, P–391.

**3.** Shay, C.N. The Legacy of Lokamanya Tilak, Kolkata, P–71-72.

**4.** Gangadharan, H. The Indian National Conciousness, Kamlakar Prakashan, Delhi, P–120.

**5.** Krishna, Bharti, Sanatana Dharma Bharti Vidya Bhavan, Bombay, P–197.

**6.** Rammurthy, N. The Problems of Indian Polity, Meerut, P–300.

**7.** Nanda, S. 2008, Cultural nationalism in a multi-national context. Indian Sociological Society.

**8.** Noida, G. 1994, Natioonalism & Democracy. Johns Hopkins University press.

**– पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय**
**एन.सी.डब्ल्यू.ई.बी. एवं इग्नो स्टडी सेन्टर,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

# आधुनिक परिप्रेक्ष्य में श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग की प्रासंगिकता

-डॉ. ए.के.सिन्हा

सात सौ श्लोकों सहित अट्ठारह अध्यायों में निबद्ध श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत का अमृत है और इसे भगवान् श्रीकृष्ण ने स्वयं सुनाया है। जैसा कि कहा गया है-

**'भारतामृतसर्वस्वं विष्णोर्वक्त्राद्विनिःसृतम्**
**गीता गङ्गोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते ।।**

मानव-जीवन में सार का ही महत्त्व है। वैसे तो ज्ञान असीम है अर्थात् ज्ञान की कोई सीमा नहीं है। अब प्रश्न है कि हम उसमें पूर्णता कैसे प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए कहा गया है-

**'अल्पश्च कालो बहुलाश्च विद्याः अल्पं कालो बहुविघ्नता च**
**यात्सारभूतं तदुपासनीयं हंसो यथा क्षीरमिवाम्बुध्यात् ।।**

कहने का आशय यह है कि 'गीतोपनिषद्' जो वेदों का सार है केवल उसको ही यदि जीवन में पूरी तरह से धारण कर लिया जाय तो मानव का कल्याण अवश्यम्भावी है। प्रकारान्तर से यदि यह कहा जाय कि मनुष्य गंगा जल में स्नान करके नित्य अपने को स्वच्छ कर सकता है, लेकिन यदि कोई भगवद्गीता रूपी गंगा जल में एक बार भी स्नान कर ले तो वह भवसागर की मलिनता से सदा-सदा के लए मुक्त हो जाता है।

**'मलनिर्मोचनं पुंसां गङ्गास्नानं दिने-दिने।**
**सकृद्गीताम्भसि स्नानं संसारमलनाशनम् ।।**

श्रीमद्भगवद्गीता विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय ग्रन्थों में अद्वितीय है। यदि श्रीरामचरितमानस के समकक्ष कोई ऐसा धर्मग्रन्थ है जो अतिलोकप्रिय हो और जिसमें अध्यात्म, धर्म, दर्शन तथा आचार के गूढ़ प्रश्नों पर सूक्ष्म किन्तु हृदयग्राही एवं मर्मस्पर्शी भाषा में स्पष्ट वर्णन किया गया हो तो यह गौरव निश्चय ही श्रीमद्भगवद्गीता को प्राप्त है। यह साक्षात् श्रीकृष्ण भगवान् के श्रीमुख से निःसृत एक विलक्षण, परम रमणीय एवं कल्याणकारी अलौकिक वाणी है, अतएव इसके चिन्तन , मनन और अनुशीलन करने पर साधारण जन के लिए वेदशास्त्र आदि ग्रन्थों के पढ़ने की आवश्यकता नहीं रहती। यह एक ऐसा अनुपमेय शास्त्र है जिसमें एक भी शब्द सदुपदेश से खाली नहीं है। श्रीवेदव्यास जी ने महाभारत में गीता जी का वर्णन करने के पश्चात् कहा है -

**गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रसंग्रहैः**
**या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिःसृता ।।**

अर्थात् गीता सुगीता करने योग्य है। केवल गीता का ही भली प्रकार से गान (पठन और मनन) करना चाहिए।

इसकी विलक्षणता यह है कि यह ज्ञान का अपार आगार है। इसका भक्तिपूर्वक एवं एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करने पर नित नवीन भाव उत्पन्न होते ही रहते हैं इससे वह सदा नवीन ही बना रहता है। यही इसकी रमणीयता का मूल कारण है। रमणीयता का लक्षण ही है **'क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयताया:'।** अब प्रश्न है कि गीता की लोकप्रियता का क्या कारण है? विचार करने पर ज्ञात होता है कि मानव-जीवन की प्राय: सभी समस्याओं का समाधान श्रीमद्‍भगवद्‍गीता में उपलब्ध होता है। जीवन की नश्वरता और उसको सार्थक बनाने का सिद्धान्त, निष्काम कर्म और अनासक्त होकर कर्म करने का सिद्धान्त सभी कुछ उसमें विद्यमान है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम गीता के सिद्धान्तों को अपनायें, उसको अपने आचरण एवं व्यवहार में लायें यही उसकी सार्थकता है -

**'गीता पढ़ना है तभी सफल जब गीता जीवन में आये**
**चेतन और जड़ में सभी जगह जब रामहि-राम नजर आये' ।।**

वस्तुत: गीता कर्मशास्त्र है, नीतिशास्त्र है तथा धर्मशास्त्रों का भी धर्मशास्त्र है-

**तस्माद्‍धर्ममयी गीता सर्वज्ञानप्रयोजिका।**
**सर्वशास्त्रमयी सारभूत विशुद्धा स विशिष्यते।।**

महाभारत के अन्तर्गत भगवान् श्रीकृष्ण के द्वारा गायी गई यह गीता अपने पारमार्थिक एवं व्यावहारिक महत्त्व के कारण पुरातनकाल से उपनिषद् के रूप में प्रतिष्ठित रही है[१]।

भारतवर्ष की धार्मिक चेतना, दार्शनिक जागृति एवं सांस्कृतिक प्रगति के समस्त आयाम गीता के अजर-अमर संदेशों में मुखरित हुए हैं। ब**हुमुखी प्रतिभा एवं व्यापक कलेवर के अन्तराल में गीता जो रहस्य संजोए हुए है वह है 'योग'।** गीता अपने को 'योगशास्त्र' ही कहती है। अठारहों अध्यायों के अन्त में दी गई पुष्पिकाएं इस बात की निर्भ्रान्त साक्षी हैं। उनमें गीता अपने को 'योगशास्त्र' ही घोषित करती है[२]। प्रत्येक अध्याय की समाप्ति पर जो उपर्युक्त पुष्पिका दी गई है इसमें श्रीमद्‍भगवद्‍गीता का माहात्म्य और प्रभाव ही प्रकट किया गया है। **'ॐ तत्सत्'** भगवान के पवित्र नाम हैं, जैसा कि सत्रहवें अध्याय के २३ वें श्लोक में कहा गया है -

**ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविध: स्मृत:**
**ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिता: पुरा ।। ( १७-२३ )**

अर्थात् ॐ, तत्, सत् ऐसे यह तीन प्रकार का सच्चिदानन्दघन ब्रह्म का नाम कहा है, उसी से सृष्टि के आदिकाल में ब्राह्मण (समस्त प्रजा) और वेद (चारों) तथा यज्ञादि (यज्ञ, तप, दान) रचे गये। स्वयं श्रीभगवान् के द्वारा गायी जाने के कारण इसका नाम 'श्रीमद्‍भगवद्‍गीता' है, इसमें उपनिषदों का सारतत्त्व संग्रहीत है इसी कारण इसे 'उपनिषद्' भी कहा गया है। गीता के महान उपदेशों को 'रहस्यमय योग' ही स्वीकार किया है[३]।

---

१ .'' इति श्रीमद्‍भगवद्‍गीतासूपनिषत्सु '' ( पुष्पिकाएँ )

२. द्रष्टव्य- 'ॐ तत्सदिति महाभारते भीष्मपर्वणि श्रीमद्‍भगवद्‍गीता - सूपनिषत्र ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्र ' (पुष्पिका)

३. द्रष्टव्य- गीता १८-७५

'व्यासप्रसादाच्छुतवानेतद् गुह्यमहं परम्
योगं योगेश्वरात्कृष्णात्साक्षात्कथयतस्स्वयम् ॥'

संजय ने कहा व्यास जी की कृपा से मैंने इस परम गुह्ययोग को साक्षात् कहते हुए स्वयं योगेश्वर श्रीकृष्ण से सुना। यही नहीं भगवान् श्रीकृष्ण को योग का ईश्वर अर्थात् 'योगेश्वर' ही कहा गया है ।

**यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः**
**तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिमतिर्मम्** [४]॥

यहाँ यह विचारणीय है कि गीता में सर्वात्मना प्रतिपादित इस 'योग' का वास्तविक अर्थ क्या है? उसका स्वरूप कैसा है और उसकी प्रक्रिया क्या है? साथ ही यह भी चिन्त्य है कि इस योग से अर्जुन की समस्या का समाधान कितना हुआ है और जीवन की विभिन्न विषम परिस्थितियों में सामान्य मनुष्य के लिए इस योग की वांछनीयता और उपयोगिता कितनी है? शास्त्रों में भगवद् प्राप्ति के लिए जिस मार्गत्रयी की चर्चा मिलती है उनमें से प्रत्येक के साथ योग शब्द जुड़ा हुआ है जैसे-ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग। 'योग' शब्द का सरल अर्थ है- 'जोड़ना' अर्थात् वह प्रक्रिया जो जीवन को ईश्वर से मिलाती है 'योग' है। आध्यात्मिक अनुभूति के लिए योग की प्रक्रिया प्रयोगशाला के समान है, इसलिए यह योग शब्द किसी न किसी रूप में प्रत्येक साधना-परम्परा के साथ जुड़ा हुआ है। ज्ञानयोगी कर्मयोगी और भक्तियोगी सभी भगवद्कृपा की अपेक्षा करते हैं, क्योंकि भगवदानुग्रह के बिना पथ की चरम सफलता का अवतरण और अनुभव नहीं होता ।

सबसे पहले 'योग' के उपदेश की प्रतिज्ञा भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता के दूसरे अध्याय के ३९ वें श्लोक में की है-

**'एषा तेऽभिहिता सांख्ये बुद्धिर्योगे त्विमां शृणु**
**बुद्ध्या युक्तो यया पार्थ कर्मबन्धं प्रहास्यसि ॥**

यहाँ श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि हे पार्थ! ज्ञानयोग (आत्मतत्व) के विषय में तेरे लिए बुद्धि (ज्ञान) बतायी गयी है, जिससे युक्त होकर तू कर्मबन्धन को तोड़ सकेगा। अब तू कर्मयोग के सम्बन्ध में भी बुद्धि का श्रवण कर।

इस श्लोक के पहले 'सांख्यबुद्धि' अर्थात् 'सांख्य का ज्ञान' या आत्मा सम्बन्धी ज्ञान अथवा 'तत्त्वज्ञान' प्रतिपादित किया गया है और अब इसके आगे इस अध्याय में 'योगबुद्धि' अर्थात् योग की जानकारी करायी गयी है। इस 'योगबुद्धि' से युक्त होने पर मनुष्य का कर्मबन्धन समाप्त हो जाता है। इस प्रतिज्ञा के पश्चात् भगवान श्रीकृष्ण ने योग का समग्र स्वरूप क्रमशः निरूपित किया है। यह योग पहले 'कर्मयोग' के रूप में प्रस्तुत होता है। आशय यह है कि 'योगमार्ग' पर चलने वाले पथिक को पहले 'कर्मयोग' का अभ्यास करना चाहिए। इस कर्मयोग का स्वरूप इन तीन श्लोकों में निर्दिष्ट किया गया है-

**१. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।**
**मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि** [५]॥

४. द्रष्टव्य- गीता १८-७८
५. द्रष्टव्य- गीता २-४७

**२. योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय [६]।**
**सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ॥**
**३. बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते।**
**तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम् [७]॥**

मनुष्य का अधिकार कर्म करने में है , फल उसके अधिकार क्षेत्र से सर्वथा बाहर है। इसलिए कर्मफल से प्रेरित होकर कर्म करना उचित नहीं। 'अधिकार' शब्द का अर्थ संस्कृत में कर्तव्य, कार्य या **Duty** है हक या **Right** नहीं (अधिकः कारः इति अधिकारः- तत्त्वबोधिनी)। अतः मनुष्य का कर्तव्य-'कर्म करना' है 'फलदृष्टि' उसका कर्तव्य क्षेत्र नहीं है। मनुष्य को कर्म में कर्त्तव्यबुद्धि से लगना चाहिए, न कि फलदृष्टि से। 'कर्म' कर्त्तव्य होने के कारण महत्त्वशाली है, फल की बदौलत नहीं। अभिप्राय यह है कि फलसिद्धि के अनुसार कर्म का महत्त्व नहीं समझना चाहिए। फलबुद्धि की प्रेरणा से किया गया कर्म सर्वथा सदोष होता है। उससे अवसरवादिता, अनैतिकता, भ्रष्टाचार, विश्वासघात आदि अनैतिक बातें उत्पन्न होती हैं जिससे समाज में अव्यवस्था होती है इसीलिए 'कर्मयोग' में फलासक्ति छोड़ने का और फल से प्रेरित न होने का उपदेश किया गया है। फलासक्ति से रहित अर्थात् निष्कामवृत्ति से कर्मों को करना ही 'कर्मयोग' की साधना है। इस प्रकार का कर्म करते रहने पर आपका कर्मयोग पूर्ण होता चलता है। फलासक्ति छोड़ने का क्या साधन है? कौन सा उपाय है? इसका विवेचन किया गया है-" सिद्ध्यसिद्ध्योः समोभूत्वा समत्वं योग उच्यते" इस पंक्ति में कार्य में अमुक फल सिद्ध हो अथवा न सिद्ध हो, दोनों ही संभावनाओं में समान अनुभूति होना अर्थात् एक जैसी अनुभूति होना ही 'समत्व' है। इस समत्वबुद्धि के होने पर ही फलासक्ति छूटती है और तभी निष्काम कर्मयोग सम्पन्न होता है। इस सम्बन्ध में एक भ्रान्ति हो सकती है। वह यह कि जब कार्यसिद्धि और कार्य की असिद्धि दोनों ही स्थिति में समबुद्धि ही रखनी है तो फिर कर्म करने की ही क्या आवश्यकता है और इस प्रकार निष्क्रियता, अकर्मण्यता और आलस्य का ही विस्तार होगा। किन्तु यह सोचना सर्वथा गलत है। गीताकार ने 'मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि' के द्वारा इस भ्रान्त धारणा को भी निरस्त करने की चेष्टा की है। अकर्म या अकर्मण्यता में आसक्ति उसी की होगी जो फल या सिद्धि में आसक्त रहेगा। सिद्धि के लिए ही कर्म करना और सिद्धि का स्वाद सम्भव न होने पर कर्म ही न करना ये दोनों बातें तथ्यतः 'फलहेतुता' के ही कारण होती हैं। इस फलहेतुता को जो छोड़ेगा, वह स्वभावतः अकर्मण्यता से भी ऊपर उठ जायेगा और 'कर्मयोग' की साधना सम्पन्न होते रहने के कारण पुण्यपापरूप कर्मबन्धन से भी छुटकारा पाने में समर्थ हो जाएगा। इस प्रकार फल के प्रति 'समत्वबुद्धि' ही 'कर्मयोग' का मूलमंत्र है। इस समत्वबुद्धि के द्वारा जहाँ एक ओर अकर्मण्यता के उद्धार होता है वहीं दूसरी ओर कर्म का वह विष भी शान्त होता है जिससे मूर्छित प्राणी सदा बेचैन और विषण्ण होकर पाप के जाल में फँसता है। कर्म के विषय में इस दुहरे खतरे से बचने का कौशल 'बुद्धि के समत्व' में ही निहित है। कर्मविषयक इस कुशलता का ही नाम 'समत्वबुद्धि' है और यही 'कर्मयोग' है। छठे अध्याय में पहले श्लोक में योगी का स्वरूप दर्शाया गया है।

६. द्रष्टव्य- गीता २-४८
७. द्रष्टव्य- गीता २-५०

**अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः ।**
**स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः ।।**

भगवान बोले– जो पुरुष कर्मफल का आश्रय न लेकर करने योग्य कर्म करता है वह संन्यासी तथा योगी है। केवल अग्नि का त्याग करने वाला संन्यासी नहीं है तथा केवल क्रियाओं का त्याग करने वाला योगी नहीं है।

यह तो ठीक है कि 'कर्मयोग' की साधना में किए जाने वाले कर्मों के फलों के प्रति समत्वबुद्धि और तज्जन्य अनासक्ति के साथ कर्म करने किन्तु यहाँ प्रश्न हो सकता है कि कौन से कर्म करने चाहिए? क्या अच्छे–बुरे, कठोर–क्रूर, हर प्रकार के कर्म किए जाने चाहिए? या फिर अच्छे और जन–कल्याणकारी कर्म करने चहिए? बुरे कर्म न किए जाने चाहिए और यदि ऐसा ही है तो कौन अच्छे और करणीय हैं तथा कौन से कर्म बुरे और त्याज्य हैं, इसका निर्णय कैसे किया जाना चाहिए? भगवान श्रीकृष्ण इस विचिकित्सा को मिटाने का स्वयं यत्न करते हैं और कहते हैं– **'तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर'**[८] अर्थात् मनुष्य को अनासक्तिबुद्धि से निरन्तर केवल 'कार्य' कर्म अर्थात् करणीय कर्म ही करने चाहिए, बुरे और त्याज्य कर्म नहीं करने चाहिए। श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्मयोग की साधना में रत होने का उपदेश करते हुए उसे अनासक्त होकर कर्म करने का आदेश देते हैं। यह निर्णय भी अत्यन्त कठिन है कि कौन कार्य कर्म है और कौन अकार्य?

**'किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः**
**तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्**[९] **।।**

कर्म क्या है तथा अकर्म क्या है? इसका निर्णय करने में बुद्धिमान मनुष्य भी भ्रमित हो जाते है। कर्मतत्त्व का रहस्य गूढ़ है तथा इसे समझ लेने पर मनुष्य बन्धन–मुक्त हो जाता है। वास्तव में विहित कर्म अर्थात् करनेयोग्य कर्म ही कर्म है। साधारणतः कर्म को स्वरूप से त्याग देना अकर्म है तथा निषिद्ध कर्म (असत्य, कपट, हिंसा आदि अनुचित कर्म) विकर्म है। एक ही कर्म किसी के लिए कर्तव्य–कर्म है तथा दूसरे के लिए विकर्म (निषिद्ध कर्म) है। यथा हिंसा करना विकर्म है किन्तु युद्ध में क्षत्रिय के लिए कर्तव्य कर्म है। करणीय कर्मों की जानकारी के लिए शास्त्रों की शरण लेनी चाहिए। प्रायः जगत् के सभी श्रेष्ठ धार्मिक ग्रन्थों में तत्तद् देशकाल एवं व्यक्ति के लिए करणीय कर्मो का उपदेश किया गया है। इन धर्मशास्त्रों में जो करणीय कर्म बताये गये हों उन्हें ठीक से जानकर उन कर्मों को अवसरानुकूल फल के प्रति अनासक्त होकर करते रहना ही कर्मयोग का आचरण कहा गया है । शास्त्रोक्त कर्मों को छोड़कर स्वेच्छाचार से पसन्द किए गए कर्मों को करने से न तो कर्मयोग की सिद्धि हो सकती है और न ही सुखया मुक्ति की सम्भावना। इस प्रसङ्ग में गीता के १६ वें अध्याय के २३ वें और २४ वें श्लोक बड़े ही स्पष्ट एवं महत्त्वपूर्ण हैं

**''यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ।**
**न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ।।**

---

८. द्रष्टव्य- गीता ३-१९
९. द्रष्टव्य- गीता ४-१६

**तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ।**
**ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि ।।''**

प्रकृत श्लोक में श्रीकृष्ण शास्त्र-व्यवस्था के पालन का उपदेश करते हुए कहते हैं कि जो मनुष्य शास्त्र विधि को छोड़कर अपनी इच्छा से आचरण करता है, वह न सफलता प्राप्त करता है, न परमगति और न सुख ही। अतएव हे अर्जुन तेरे लिए इस कर्तव्य-अकर्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही प्रमाण है, ऐसा जानकर तू शास्त्र विधान में नियत कर्म करने के योग्य है। अर्जुन के समक्ष भी शास्त्रोक्त कई अच्छे कार्य मौजूद थे। युद्ध करना भी धर्मकृत्य था और युद्ध से विरत होकर अहिंसा का पालन करना भी धर्मकृत्य था। ऐसी परिस्थिति में सत्कर्म का निश्चय करने के लिए उसे अपने स्वभाव का भी आदेश मानना चाहिए और सब लोग जानते हैं कि अन्याय के विरुद्ध जोरदार संग्राम करना ही सदा से अर्जुन का स्वभाव था। अन्याय को सहकर चुपचाप अहिंसाधर्म का पालन करना उसके स्वभाव के विरुद्ध था। इसलिए उसके लिए युद्ध करना ही कर्मयोग का आचरण था। गीता ने इसीलिए यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया है-

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।**
**स्वभावनियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम् ।।**
**सहजं कर्म कौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत् ।**
**सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः [१०]।।**

अर्थात् उत्तम प्रकार से अनुष्ठित दूसरे के कर्तव्य-कर्म की अपेक्षा अपना गुणरहित भी कर्तव्यकर्म श्रेष्ठ है, क्योंकि मनुष्य स्वभाव से नियत (स्वाभाविक) स्वधर्म (अपना कर्तव्य-कर्म) करते हुए पाप को प्राप्त नहीं होता। हे अर्जुन, दोषयुक्त भी अपने सहज कर्म को नहीं छोड़ना चाहिए , क्योंकि धूम से अग्नि की भाँति सभी कर्म किसी न किसी दोष से युक्त होते हैं।

यह 'कर्मयोग' अत्यन्त अनिवार्य होने पर भी स्वयं लक्ष्य नहीं है , प्रत्युत वास्तविक योग का साधनमात्र है कुछ लोग 'कर्मयोग' को ही गीता में प्रतिपादित योग का सर्वस्व मान बैठते हैं। यह बात ठीक नहीं है। उन लोगों को इस सन्दर्भ में गीता के दूसरे अध्याय के ५१, ५२ एवं ५३ श्लोकों को क्रम से देखना होगा।

**कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः ।**
**जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम् ।।**
**यदा ते मोहकलिलं बुद्धिर्व्यतितरिष्यति ।**
**तदा गन्तासि निर्वेदं श्रोतव्यस्य श्रुतस्य च ।।**
**श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला ।**
**समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि ।।**

इन श्लोकों में स्पष्टतः कहा गया है कि कर्मयोगी कर्मफल से अनासक्त रहता हुआ कर्मजन्य भवबन्धन से विमुक्त होकर अनामयपद अर्थात् अमृतमय परमपद को प्राप्त हो जाता है और जब तेरी बुद्धि जो विविध

---

१०. द्रष्टव्य- गीता १८-४७ ,४८

सिद्धान्तों एवं वादों को सुनकर विचलित हो गयी है, समाधि में (परमात्मा के स्वरूप में अथवा आध्यात्मिक चेतना में, भीतर दिव्य चेतना में, पूर्ण समत्वभाव में) दृढतः स्थित हो जायेगी, तब तू योग को प्राप्त करेगा। कर्मयोग की मंजिल समाधिरूप 'योग' है। यही योग, कर्मयोग की स्वाभाविक परिणति है। यही गीता का प्रतिपाद्यभूत वास्तविक योग है। इस प्रकार अर्जुन के लिए स्वभावसिद्ध एवं क्षात्रधर्म-निर्दिष्ट यह पवित्र संग्राम ही एकमात्र कर्मयोग साधन था। यदि वह इस युद्ध से पराङ्मुख होता, तो निश्चय ही 'योग' से च्युत हो जाता। इसलिए यह योगशिक्षा अर्जुन को युद्ध के लिए प्रोत्साहित करती है, युद्ध से विरत नहीं। अर्जुन को मोहमयी स्थिति में भगवान् श्रीकृष्ण ने उसे 'कर्मयोग' और 'ध्यानयोग' का उपदेश देकर सन्मार्ग में लगाया था। अन्त में अर्जुन को अपनी भूल समझ आई और उसे युद्ध के लिए मोहत्याग करके तत्पर होना पड़ा-

**'नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत ।**
**स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव[११] ॥**

अर्जुन ने कहा- हे अच्युत, आपकी कृपा से मेरा मोह नष्ट हो गया और मुझे (आत्मस्वरूप की) स्मृति प्राप्त हो गयी है। अब मैं संशय-रहित होकर स्थित हूँ तथा आपके आदेश का पालन करूँगा। सचमुच अर्जुन के मोहनाश के लिए कर्मयोग ही एकमात्र अचूक औषधि थी ।

निष्कर्ष रूप में हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि गीता में प्रतिपादित 'ध्यानयोग' जहाँ एक ओर 'कर्मयोग' के व्यापक धरातल पर स्थित होने के कारण दार्शनिक पलायनवादिता को तिरस्कृत करके कर्मठ सामाजिक चेतना को निखारता है, वहीं दूसरी ओर साधनापथ की निर्मम उदासीनता को भक्तिभावना के मङ्गलमय आलोक से आलोकित करता है और अन्ततोगत्वा अपने इस गरिमामय स्वभाव के कारण यह योग जनमानस के कल्याण हेतु आत्यन्तिक आह्लाद का दुर्लभ द्वार भी खोलता है। ज्ञान, कर्म और उपासना का इतना स्पृहणीय समन्वय भारतीय दार्शनिक वाङ्गमय में अन्यत्र देने को नही मिलता ।

**-एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,**
**डी.ए वी. महाविद्यालय, कानपुर,**
**उत्तर प्रदेश**

११. गीता १८-७३

# संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, आवश्यकता एवं समस्याएँ

-डॉ. सञ्जय कुमार

संस्कृत भाषा भारतीयों की प्राणभूत भाषा है। इसका स्वरूप विशाल है। संस्कृत भाषा में ही लोक का मनन, चिंतन, गवेषण और अनुभूति समन्वित है। इसीलिए इसे सम्पूर्ण ज्ञान राशि कह जाता है। अपनी सम्पन्नता तथा विविधता से यह साहित्य विश्ववाङ्मय में अद्वितीय है। इसके सुदीर्घकालावधि में अनेकानेक विधाओं पर अब तक हुए संस्कृत के रचनासंसार का यथोचित आकलन एक कठिन एवं महनीय कार्य है। इसी के अंतर्गत संस्कृत पत्रकारिता का भी विशाल स्वरूप देने को मिलता है। वस्तुतः पत्रकारिता नूतन ज्ञान की पेटिका है। इसके द्वारा अनेक गूढात्मक ज्ञान का प्रत्यक्ष दर्शन होता है। फलस्वरूप इसे नवनवोन्मेषशालिनी कहा जाता है।

पत्रकारिता हमारे जीवन की विविधताओं, नित्य नूतनताओं और दैनिक घटनावलियों प्रसंगावलियों को शीघ्र प्रस्तुत करने की अतुल क्षमता रखती है।[१] हिन्दी शब्द सागर के अनुसार पत्रकारिता आधुनिकता की एक विशिष्ट उपलब्धि है। पत्रकारिता का सामान्य अर्थ पत्रकार का काम या व्यवसाय है।[२] मानक हिन्दी कोश में पत्रकारिता के संदर्भ में लिा गया है कि वह विद्या जिसमें पत्रकारों के कार्यों, कर्तव्यों, उद्देश्यों आदि का विवेचन होता है।[३] पत्रकारिता के सम्बन्ध में डॉ. मधुधवन का कहना है कि पत्रकारिता का मूलोद्देश्य अन्यायों और बेईमानी का उद्घाटन कर, दोषों, कमियों, खामियों को उजागर करना, सलाह मशविरा देना और असहायों की सहायता करना तथा लोगों का मार्गदर्शन करना है।[४] सारांशतः पत्रकारिता शब्द का अभिप्राय ही उस गोपनीयता का प्रकाशन कराना है जिससे सामाजिकता का ह्रास होता है। यह प्रत्येक सरकारी या गैर सरकारी गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। इसी प्रकार अन्य रहस्यात्मक गूढ़ तत्त्वों को जन-सामान्य तक पत्रकारिता के माध्यम से पहुँचाया जा सकता है।

अंग्रेजी में पत्रकारिता को जर्नलिज्म (Journalism) कहा जाता है। जर्नलिज्म शब्द जर्नल से निकला है जिसका शाब्दिक अर्थ दैनिक होता है। प्रतिदिन की गतिविधियों का विवरण जर्नल में रहता है। १७ वीं एवं १८ वीं शताब्दियों में पीरियॉडिकल के स्थान पर लैटिन शब्द डियूरनल और जर्नल शब्दों का प्रयोग हुआ। २० वीं शताब्दी में आते-आते जर्नल से जर्नलिज्म का व्यवहार होने लगा। इस प्रकार पत्रकारिता का विविध आयामों में विकास होने लगा। दैनिक के साथ-साथ साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक पत्रों का प्रकाशन होने लगा। समाचार पत्रों के

---

१. जोशी डॉ. सुशीला, हिन्दी पत्रकारिता, विकास और विविध आयाम पृ.-१

२. हिन्दी शब्द सागर, छठा, भाग, पृ. २७,९८

३. मानक हिन्दी कोश, तीसरा खण्ड, पृ.३८०

४. धवन डॉ. मधु, पत्रकारिता एक परिचय, पृ.८

साथ-साथ इसका विकास इतना तीव्र गति से हुआ कि शोधात्मक निबन्धों का संकलन अलग से प्रकाशित होने लगा। धीरे-धीरे ऐसी स्थिति आई कि प्रत्येक विषय के शोधात्मक निबंधों का प्रकाशन होने लगा। इस प्रकार से अनेक रहस्यात्मक तत्त्वों का प्रकाशन भी पत्रकारिता के क्षेत्र के अंतर्गत ही आता है। इनका वर्गीकरण निम्न रूप में देखा जा सकता है-धर्म-दर्शन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान पत्रकारिता, खेल पत्रकारिता, उद्योग, व्यवसाय पत्रकारिता, फिल्म पत्रकारिता, बाल पत्रकारिता, कृषि पत्रकारिता, ब्रेल पत्रकारिता, संस्कृत पत्रकारिता, हिन्दी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता आदि।

यह पत्रकारिता एक नूतन ज्ञान का सर्वोच्च साधन है। संस्कृत साहित्य में पत्रकारिता के रूप में संदेशवाहक की परम्परा बहुत प्राचीन समय से ही प्राप्त होती है। महर्षि नारद को सबसे बड़ा संदेशवाहक माना जाता है। वे सदैव देवताओं को पृथ्वी लोक तथा असुरों के व्यवहारों की सूचना देते थे। रामायण और महाभारत में समाचार दाताओं के भी नाम मिलते हैं। रामायण में सुमुख गुप्तचर भेष में समाचारों को जानकर राम से बताता है। महाभारत का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि उस समय समाचार दाता लोग नियत रहते थे, जो कि समाचार एक स्थान से दूसरे स्थान लाया और ले जाया करते थे। संजय ने धृतराष्ट्र को कुरुक्षेत्र में होने वाले युद्ध का वर्णन प्रत्यक्ष की तरह किया है। जिस प्रकार आज का पत्रकार समाचार का सीधा प्रसारण करता है। उसी प्रकार संजय धृतराष्ट्र को सीधे प्रसारण के माध्यम से समाचार से अवगत कराते हैं। भाट और दूत लोग भी समाचार दाताओं का काम करते थे। जिनका उल्लेख भास, कालिदास, भारवि, बाणभट्ट, दण्डी, विशादत्त ने अपने-अपने कृतियों में किया है। 'दण्डी' की रचनाओं से पता चलता है कि तद्युगीन समाज में पत्र लिखने की भी परम्परा चल पड़ी थी। राजकुमारी अवन्तिसुन्दरी अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए राजवाहन को पत्र लिकर भेजती है।[५] राजहंस भी राजवाहन सहित सभी कुमारों को बुलाने के लिए राजसेवक को पत्र लिखकर दिया था। यह पत्र अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण विधा की ओर संकेत भी करता है-''**स्वस्ति श्री पुष्पपुराजधान्याः श्रीराजहंसभूपतिपतिश्चम्पा-नगरी- मदिप्रस्थिताः पथि कस्मिंश्चिद्वनोद्देश उपशिवालयं स्कन्धावारमवस्थाप्य स्थिताः। तत्र राजवाहनां शिवपूजार्थ निशि शिवालये स्थितं प्रातरनुपलम्भावशिष्टाः सर्वेऽपि कुमाराः सहैव राजवाहनेन राजहंस प्रणंस्यामो न चेत्प्राणांस्त्यक्ष्यामः इति प्रतिज्ञाय सैन्यं परावर्त्य राजवाहनमन्वेष्टुं पृथक्प्रस्थिता। एवं भवावृत्तान्तं ततः प्रत्यावृत्तानां सैनिकानां मुखाद्कण्र्या सह्यदुःखोदन्वति मग्नमनसावुभावहं युस्मज्जननीच वामदेवाश्रमं तद्विदितं विधाय प्राणपरित्यागं कुर्वः इति निश्चित्य तदाश्रमसुपगतौ त मुनिं प्रणम्य यावत्स्यितौ तावदेव तेन त्रिकालवेदिनना मुनिना विदितमेवास्मन्मनीषितं निश्चयमववुध्य प्रावाचि-राजन् प्रथममेवैतत्सर्वं युस्मन्मनीषितं विज्ञानबलाद्ज्ञायि। ददेते त्वत्कुमारा राजवाहननिमित्ते क्रियन्तमनेहसमापदमासाद्य भाग्योदयाय साधारणेन विक्रमणे विहितदिग्विजयाः प्रभूतानि राज्यान्यु पलभ्य षोडशाब्दान्ते विजयिनं राजवाहनं पुरस्कृत्य प्रत्येत्य तव वसुमत्याश्च पादानभिवाद्य भददाज्ञाविधायिनो भविष्यति अतस्तन्निमितं किमपि साहसं न विधेयम इति। तदाकर्ण्य तत्प्रत्ययाद्धैर्यमव- लम्ब्याद्यप्रभृत्यंहे देवी च प्राणमधारयाय। इदानीमासन्नवर्तिन्यवधौ वामदेवाश्रमे गत्वा विज्ञाप्तिः पानीयमणि पथि**

५. दशकुमार चरितम्, पूर्वपीठिका पचमोच्छ्वास, चो.अ.मा.प्र. २००४, वाराणसी, पृ.-९८

**भूत्वा पेयम् इति।**[६] इसी प्रकार अन्य प्राचीन ग्रंथों में पत्र लिने की परम्परा देने को मिलती है। **कृता-स्वमिन त्वदुक्तावधिः पूर्णप्रायो भवति तत्प्रवृत्तिस्त्वदयाद्यापि विज्ञायतेऽति। श्रुत्वा मुनिश्वदतराजन राजवाहनप्रमुखाः सर्वेऽपि कुमार अनेकन्दुर्जयांशत्रून्विजित्य दिग्विजय विधाय भूवलर्य वशीकृत्य चम्पायानेकत्र स्थिता। तवाज्ञापत्रमादाय तदानयनाय प्रेष्यन्तां शिधमेव सेवकाः इति मुनिवचनमाकर्ण्यभवदाकारणायाज्ञापत्रं प्रेषितमस्ति। अतः परं चेत्क्षणमपि यूयं विलम्ब विधायाध ततौ मां वसुमती च मातरं कथावशेषावेव श्रेष्यधेति ज्ञात्वा**

प्रकाशन के समुचित साधनों का अभाव होने पर भी ईसापूर्व तीसरी शताब्दी के मध्य भाग में सम्राट अशोक ने अपने साम्राज्य के विभिन्न भागों और सीमाओं में चट्टानों, स्तम्भों और गुफाओं पर ऐसे अनेक लेख उत्कीर्ण करवाये हैं, जिन्हें पत्रकारिता का पूर्वरूप कहा जा सकता है। एक ही विषय अनेक स्थलों पर अंकित होने से उनका सन्देश पत्र और प्रमाणित हो जाता है। शिलालेखों का निर्माण भी आज की पत्रकारिता की भाँति जन-सामान्य के लिए ही हुआ है। अशोक के पश्चात् उत्कीर्ण निबंधों की धारा प्रवाहित होती गई। गद्य के स्वाभावितक विकास की रूपरेखा में रुद्रदामन (१५० ई.) का शिलालेख अद्वितीय है। यह एक साहित्यिक और सूचनात्मक कोटि की पत्रिका का रूप था। इन्हीं शिलालेखों में संस्कृत पत्रकारिता का बीज निहित है। संस्कृत पत्रकारिता के ऐसे पूर्व रूप होने पर उसे आधुनिक युग की नवीन प्रवृत्ति कहना उचित नहीं है। आज की पत्रकारिता प्राचीनकाल के उपर्युक्त प्रयासों का सर्वोच्च विकास मात्र है[८]।''

रामगोपाल मिश्र जी का मानना ठीक है लेकिन पत्रकारिता के रूप में इसकी आयु अल्प ही मानी जायेगी क्योंकि उन्नीसवीं सदी के मध्ययुगान्तर से ही संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास आरम्भ होता है और संस्कृत पत्रकारिता स्थिरता को प्राप्त कर लेती है। उस समय से लेकर आज तक भारत के प्रायः सभी भू-भागों से पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है। संस्कृत पत्रकारिता प्रदेश विशेष की धरोहर नहीं है, वह तो कश्मीर से कन्याकुमारी तथा कच्छ से कटक तक प्रसृत है। इसका आयाम विशाल है और शायद ही ऐसी कोई भारतीय भाषा हो जिसकी पत्रकारिता इतनी व्यापक रूप से विस्तृत हुई हो। इसके असीमित परिधि के भीतर अनेक विदेशी महामनीषियों ने अपनी मातृभाषा का मोह त्यागकर संस्कृत पत्रकारिता को समृद्ध बनाया। इन्होंने महनीय रचनाओं का प्रकाशन किया। इन पत्र-पत्रिकाओं का आद्यन्त अनुशीलन किये बिना आधुनिक संस्कृत साहित्य के विविध एवं वैचित्यपूर्ण गतिविधि का ज्ञान नहीं हो सकता है। संस्कृत की वाग्धारा में जब हम गोता लगाते हैं तो इसके विमलता एवं विदग्धता से रोम-रोम रोमांचित हो जाता है।

पाश्चात्य विद्वानों ने भी संस्कृत पत्रकारिता पर उल्लेनीय कार्य किये हैं। इसके शैशवावस्था का ज्ञान हमें 'काशीविद्यासुधानिधि' पत्रिका से होता है। इस संस्कृत मासिक पत्रिका का प्रकाशन बनारस में एक जून १८५६ ई. में प्रारम्भ हुआ। प्राप्त सूचनानुसार 'काशीविद्यासुधानिधि' संस्कृत की प्रथम एवं ज्येष्ठ पत्रिका है। इस पत्रिका में मैक्समूलर ने प्रत्नकम्रनन्दिनी तथा विद्योदय के महत्त्वपूर्ण निबंधों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने

६. वही, उत्तरपीठिका यामुपसंहार, पृ. ४६५

७.मिश्र रामगोपाल, संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, विवेक प्रकाशन, पृ.-९८

८. वही. पृ. १४-१५

यहाँ दो ऐसी पत्रिकाओं का भी नाम दिया है, जिसमें संस्कृत के ग्रंथ भी प्रकाशित होते थे–'हरिश्चन्द्रचन्द्रिका' और 'तत्त्वोधिनी' बर्नेट ने १९९२[९] में प्रकाशित ब्रिटिश केटलॉग में अनेक संस्कृत पत्र–पत्रिकाओं का यथावत् परिचय दिया है। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रकाशनों १८७६ से १९२८ ई. तक के संस्कृत एवं संस्कृत मिश्रित पत्र–पत्रिकाओं की सूचना दी गई है।[१०] भारतीय विद्वानों में विद्यावाचस्पति अप्पाशास्त्रीराशिवडेकर प्रथम विद्वान हैं, जिन्होंने अनेक संस्कृत पत्र–पत्रिकाओं का निर्देश और समीक्षा 'संस्कृतचन्द्रिका' में किया है। इसी पत्रिका का ये सम्पादक भी थे, संस्कृतचन्द्रिका मासिक पत्रिका थी। उसका प्रथम प्रकाशन १८९३ ई. हुआ था। इसका सम्पादन उच्चकोटि का था। सारगर्भित निबन्धों को ही इसमें प्रकाशित किया जाता था। आज तक प्रकाशित संस्कृत पत्रिकाओं में उसका प्रमुख स्थान है।[११] १९०७ ई. मैं 'विण्टर नित्य' ने भारतीय साहित्य के इतिहास का वर्णन किया है। उन्होंने संस्कृतभाषा के जीवित होने में सबाल प्रमाण संस्कृत पत्र–पत्रिकाओं को ही प्रदान किया है। उनके मतानुसार संस्कृत में अनेक विशिष्ट पत्रिकाओं का सम्पादन हो रहा है। अतः संस्कृत भाषा को विशिष्ट स्थान मिलना चाहिए[१२]। संस्कृत पत्र–पत्रिकाओं के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों यही धारणा रही है।

भारतीय पत्रकारिता के रूप में 'काशीविद्यासुधानिधि' का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसे ही ज्येष्ठ संस्कृत पत्रिका के अंतर्गत रखा जाता है। यहीं से संस्कृत ज्ञान गंगा की अविरल धारा प्रवाहित हुई, जिसमें लाखों लोग गोता लगाकर काव्यानन्द का रसास्वादन करते रहे हैं। काशीविद्यासुधानिधि पत्रिका की प्राचीन प्रतियों में अधिकांश प्राचीन महत्त्वपूर्ण ग्रंथों का भी प्रकाशन देखने को मिलता है। अर्वाचीन प्रतियों में उस समय के विद्वानों के निबंध भी प्रकाशित किये जाते थे। इसमें व्याकरण, दर्शन, साहित्य के साथ–साथ कुछ पाश्चात्य संस्कृत ग्रंथों के अनुवाद भी प्रकाशित किये गये हैं। जिनमें वर्कले के प्रिंसिपल ऑफ ह्यूमन नालेज ग्रंथ का अनुवाद ज्ञान–सिद्धान्त चन्द्रिका नाम से तथा लाक के एस्स अन्सर्निड्ग हयूमन अन्डरस्टेन्डिग ग्रंथ मानवीय ज्ञान विषयक शास्त्र नाम से प्रकाशित हुआ[१३]।इस प्रकार अनेक ग्रंथों का प्रकाशन इस पत्रिका के माध्यम से किया गया। अतः उन्नीसवीं शताब्दी में संस्कृत पत्रिका का जन्म माना जाता है।

दूसरी संस्कृत पत्रिका के रूप में प्रत्नकम्रनन्दिनी का नाम आता है जिसका प्रारम्भ १८६७ ई. में हुआ। इसे पूर्णमासिकी नाम से भी जाना जाता है। यह पत्रिका दुर्गाशंकर मुखर्जी आहिया द्वारा बुट्टोला बनारस से प्रकाशित की जाती थी[१४]। इसमें संस्कृत साहित्य, वेद, दर्शन आदि विषयों के सारगर्भित निबंधों का प्रकाशन किया जाता था। लाहौर से सन् १८७१ ई. में विद्योदय संस्कृत मासिक–पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। यह पत्र लगातार सन् १९१४ तक प्रकाशित होता रहा। सन् १८८७ से इस पत्रिका का प्रकाशन कलकत्ता से होने लगा[१५]। यह पत्रिका अपने समय

---

९. काशी विद्या सुधानिधि, पृ. ७१

१०. मिश्र रामगोपाल, संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, पृ.२

११. वही, पृ.–३

१२. विन्टर नित्स, भारतीय साहित्य का इतिहास, भाग–१, पृ.–३८–३९

१३. मिश्र रामगोपाल, संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, पृ.–२३, २४

१४. वही, पृ.–२४

१५. वही, पृ.–२५

में विद्वतापूर्ण निबंधों से तत्कालीन पाठकों पर गहरी छाप छोड़ी थी। इसमें कादम्बरी नाटक, हामलेटचरितम्, कोकिलदूतम्, राममयविद्याभूषण का कलाविलास प्रहसन शिव पुराण आदि का प्रकाशन हुआ। अरसिकेषु कविस्व निवेदनं मालिख का उद्देश्य सन् १८७८ ई. में विद्यार्थी नामक पत्र के प्रकाशन से आरम्भ हुआ। सन् १८८० ई. तक यह पत्र मासिक रूप में घटना से प्रकाशित किया जाता था। इसके बाद इसका प्रकाशन पाक्षिक रूप में उदयपुर से प्रारम्भ हुआ। यह संस्कृत भाषा का पहला पाक्षिक पत्र था।[१६] इसमें भी तत्युगीन अर्वाचीन कविसृष्टि को स्थान दिया जाता था। कलकत्ता से सन् १८७८ ई. में 'आर्षविद्यासुधानिधि' पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ, यह मासिक पत्रिका थी। इसमें भी नवीन रचना को प्रकाशित कर लेक और कवियों को प्रोत्साहित किया जाता था। इसी प्रकार लाहौर से सन् 1882 में 'आर्य' मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ, जिसके सम्पादक सम्भवतः आर.सी. बैरी को माना जाता है। इसमें दर्शन, कला, साहित्य, विज्ञान, धर्म और पाश्चात्य-दर्शन से सम्बन्धित विषयों का प्रकाशन होता था। 1886 ई. में साहित्य, संस्कृति की पत्रिका 'ब्रह्मविद्या' का प्रकाशन चिदम्बरम् से प्रारम्भ हुआ। प्राप्त सूचनानुसार इस पत्रिका का प्रकाशन अर्थाभाव के कारण सन् १९०२ ई. तक ही हो सका। 'विज्ञान चिन्तामणि' पत्रिका का सन् १८८८ ई. में मालाबार से प्रकाशित हुई। इसके सम्पादक पुन्नेशेरि नीलकण्ठ शर्मा थे। इसको और विद्योदय पत्रिका को ही उस समय विद्वत् प्रतिष्ठा प्राप्त थी। कलकत्ता से १८८९ ई. में वैदिक साहित्य से सम्बन्धित 'उषा' पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ। यह एक उच्चकोटि की मासिक पत्रिका थी। इसके सम्पादक सत्यव्रत सामश्रमि भट्टाचार्य जी थे। बंगाल प्रान्त में वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए ही इसका सम्पादन प्रारम्भ किया गया[१८]।

उन्नीसवीं शती की अपूर्व युगान्तकारी और सर्वश्रेष्ठ मासिक पत्रिका 'संस्कृतचन्द्रिका' का प्रकाशन १८९३ ई. में आहिरी टोला बाबूराम घोषलेन-९ भवन कलकत्ता से हुआ। संस्कृत भाषा के संवर्धन एवं ज्ञान पीपासा की तृप्ति में इस पत्रिका का महत्वपूर्ण स्थान है। 'संस्कृतचन्द्रिका' पत्रिका की कतिपय अपनी प्रमुख विशेषताएँ थीं। इसके प्रथम भाग में गद्य, पद्य और गीत आदि काव्य ग्रंथों का प्रकाशन होता था। द्वितीय भाग में समालोचना और तृतीय भाग में धार्मिक निबंधों का आकलन किया जाता था। चतुर्थ भाग में चित्रात्मक कविताएँ तथा अन्य सूचनाएँ एवं पंचम भाग में वार्ता संग्रह प्रकाशित रहता था। इस प्रकार यह पत्रिका विविध विषयों की अध्ययन पेटिका थी। जो साहित्य, कला, संस्कृत, दर्शन एवं सूचना पर केन्द्रित हुआ करती थी।

श्रीरंगम् से सन् १८९५ में 'सहृदय' नामक संस्कृत मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। इसमें रमणीय चित्रों का भी प्रकाशन किया जाता था। परन्तु इसका विशेष उद्देश्य गीर्वाणभारती का प्रचार-प्रसार करना ही था। इसमें सरस कविता, गद्य, निबंध आदि का प्रकाशन हुआ करता था। अनुवाद आदि भी इसमें प्रकाशित किये जाते थे। सहृदय ही एक मात्र ऐसी पत्रिका थी जिसमें विज्ञान विषय के निबंध भी प्रकाशित किये जाते थे। संस्कृत भाषा के विरल प्रचार को देकर संस्कृत ममता को अक्षुण्ण रखने के लिए कविता लेखकों के प्रोत्साहन के लिए अनेक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता था, जिसमें श्रेष्ठ पत्रिकाओं की सूची निम्न है-

---

१६. वही, पृ.-२९

१७. इण्डिया केटेलॉग ऑफ पेवीओडायल्स, न्यूजपेपर्स एण्ड गजेटियर्स, पृ. ३६

१८. उषा, १/१

| | | | |
|---|---|---|---|
| समस्यापूर्ति: | १९०० | कोल्हापुर | अप्पाशास्त्री |
| संस्कृतपत्रिका | १८९६ | कुम्भकोणम् | वी.वी. कामेश्वर अय्यर |
| काव्यकादम्बिनी | १८९६ | ग्वालियर | नानूलाल |
| कथाकल्पद्रुम | १८९९ | कोल्हापुर | अप्पाशास्त्री |
| मंजुभाषिणी | १९०० | कांचीवरम् | पी.वी, अनन्ताचार्य |
| विद्वत्कला | १९०० | लश्कर | .................. |
| पण्डित पत्रिका | १८९८ | वाराणसी | बालकृष्ण शास्त्री |
| पीयूषवर्षिणी | १८९० | फरुखाबाद | गौरीशंकर वैद्य |
| विद्यामार्तण्ड | १८८८ | प्रयाग | ज्वाला शर्मा |
| काव्याम्बुधि: | १८९३ | वैगुलनगर | पद्मराजपण्डित |
| आयुर्वेदोद्धारक: | १८८७ | मथुरा | मथुराहरारामचौबे |
| संस्कृतकामधेनु: | १८७९ | वाराणसी | ढुण्ढिराजशास्त्री |
| धर्मप्रकाश | १८६७ | आगरा | ज्वालप्रसाद |

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक आते-आते संस्कृत पत्रकारिता का विकास पूर्ण रूप से दिखाई देने लगा था, फलस्वरूप बीसवीं शताब्दी में चारों ओर संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं का परचम लहराने लगा था। कविता, कहानी, चुटकुले एवं निबंधों के रूप में संस्कृत पत्रकारिता का लेखन कार्य प्रारम्भ हो गया। दैनिक साप्ताहिक पाक्षिक मासिक द्वैमासिक, त्रैमासिक, षण्मासिक और वार्षिक आदि विविध प्रकार की पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन विभिन्न संस्थानों एवं अनेक स्थानों से आरम्भ हुआ। निबंधों के रूप में संस्कृत पत्रकारिता को बीसवीं शताब्दी में उल्लेनीय सफलता मिली। साहित्य, दर्शन, वेद, व्याकरण आदि विषयों का अलग-अलग प्रकाशन कर अखिल संस्कृत जगत् का उद्घाटन हुआ। इस प्रकार अनेक रहस्यात्मक तत्त्वों का प्रकाशन संस्कृत पत्रिकारिता के द्वारा हुआ।

कालखण्ड पर आधारित दैनिक साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक आदि के प्रकाशन से संस्कृत पत्रिकारिता को विशेष सफलता मिली क्योंकि इससे संस्कृत को जन-जन तक पहुँचने में सुविधा मिली। दैनिक पत्रों का प्रधान लक्ष्य प्राय: सभी प्रकार के नवीनतम समाचारों तथा तत्सम्बन्धी अन्य तथ्यों को प्रकाशित करना होता है। सम्पादकीय निबंधों से तत्कालीन राजनीति, धर्म और साहित्य तथा संस्कृति पर विचार किया जाता है। समाचार पत्रों में स्थायी साहित्य का प्रकाशन स्थानाभाव के कारण अधिक नहीं हो पाता है तथापि उनका महत्त्व अधिक रहता है। दैनिक पत्रों में तत्कालीन महत्त्व की घटनाओं का वर्णन रहता है। अत: पत्रकारिता के विकास में दैनिक संस्कृत पत्रों का विशेष महत्व है। दैनिक समाचार पत्रों से ही पत्रकारिता की लोकप्रियता बढ़ी है। मासिक

१९. मिश्र रामगोपाल, संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, पृ.५६

२०. श्री: ८१-२१

पत्रिकाओं में तत्कालीन समाचारों का उल्लेख गौण रहता है तथा उसमें स्थायी साहित्य का प्रकाशन प्रधान रहता है। त्रैमासिक और द्वैमासिक पत्रिकाओं में साहित्य एवं संस्कृति का ही प्राधान्य रहता है। परन्तु षाण्मासिक एवं वार्षिक पत्रिकाओं में साहित्य, धर्म, दर्शन के गूढात्मक तत्त्वों का ही विशेष रूप में प्रकाशन किया जाता है।

संस्कृतभाषा का पहला दैनिक समाचार पत्र 'जयन्ती' १ जनवरी १९०७ ई. में त्रिवेन्द्रम केरल से प्रकाशित हुआ। इसके सम्पादक कोमल मारुताचार्य और लक्ष्मीनन्दन स्वामी थे। संस्कृत में दैनिक पत्र का प्रकाशन यद्यपि अपने आप में एक अपूर्व घटना थी, तथापि उसके लिए पर्याप्त पाठक पाना बहुत ही कठिन है। अतः जहाँ एक ओर सम्पादकों का अमित उत्साह परिलक्षित होता है वहीं संस्कृतज्ञों का संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं के प्रति उपेक्षा का भाव भी स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है। यही कारण है कि अधिकांश संस्कृत पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशन के बाद एक वर्ष की अल्पावधि के भीतर ही बन्द हो गईं। जयन्ती की जय यात्रा प्रारम्भ के साथ ही समाप्त हो गई। दैनिक संस्कृत पत्रिका संस्कृति का प्रकाशन १९ नवम्बर सन् १९०१ को पूज्यपत्तन (पूना) से प्रारम्भ हुआ। आरम्भिक पंद्रह दिनों तक यह पत्र 'विजय' नाम से ही प्रकाशित हुआ। इसके पश्चात् इसी पत्र का नाम बदलकर 'संस्कृति' कर दिया गया।[२१] तभी से यह पत्रिका 'संस्कृति' नाम से ही प्रकाशित होने लगी। इसके सम्पादक वालाचार्य वरेडकर जी थे। संस्कृत भाषा का तीसरा दैनिक पत्र सुधर्मा जुलाई १९७० ई. को प्रकाशित हुआ। इसके सम्पादक वरदराज अयंगार जी थे। मैसूर का यह चर्चित दैनिक पत्र था। इसका चौबीस पैसा मूल्य था। यह रविवार को प्रकाशित नहीं होता था। कारण था कि अंग्रेजी शासनकाल में रविवार को सभी कार्यालय एवं शिक्षण संस्थान बन्द रहा करते थे। सुधर्मा सरल संस्कृत भाषा में प्रकाशित होती थी। जिसमें देश-विदेश के समाचारों का प्रकाशन किया जाता था। इसमें सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा वैज्ञानिक निबंधों का भी प्रकाशन होता है। बाण साहित्य के निबंध भी इस पत्र में प्रकाशित किये जाते थे। सन् १९०६ में कोल्हापुर से सूनृतवादिनी पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। इसके सम्पादक विद्यावाचस्पति अप्पाशास्त्री राशिवडेकर थे। यह पत्रिका प्रति शनिवार को संस्कृत चन्द्रिका कार्यालय कोल्हापुर से प्रकाशित की जाती थी। यह सन् १९०९ तक नियमित रूप से प्रकाशित हुई। संस्कृतसाकेत' पत्रिका का प्रकाशन सन् १९०९ में अलिख भारतीय विद्वत समिति अयोध्या द्वारा प्रारम्भ किया गया। इसके सम्पादक हनुमत प्रसाद त्रिपाठी थे। इन्हीं के सम्पादकत्व में इसका दस साल तक प्रकाशन हुआ। इनके अनन्तर १९३१ ई. से १९४० ई. तक यह पत्र पं. रूपनारायण मिश्र के सम्पादन में प्रकाशित हुआ। सन् १९४० से सन् १९५८ तक ब्रह्मदेव शास्त्री इस पत्र के सम्पादक थे।

संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सन् १९३० में 'संस्कृतम्' पत्र का प्रकाशन संस्कृत कार्यालय अयोध्या से हुआ। इस संस्कृत पत्र के सम्पादक पण्डित कालीकुमार त्रिपाठी थे। इन्हीं के सम्पादकत्व में यह पत्र बहुत दिन तक प्रकाशित होता रहा। इसका प्रकाशन प्रति मंगलवार को किया जाता था। सन् १९३४ के लगभग देववाणीश पत्रिका प्रकाशन, कलकत्ता से प्रारम्भ हुआ। इसी प्रकार अनेक साप्ताहिक पत्रों का प्रकाशन बीसवीं शताब्दी में किया जाता था। उनमें मुख्य का नाम निम्नवत् हैं-

---

२१. संस्कृत चन्द्रिका ९/१०

२२. मिश्र रामगोपाल, संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, पृ.-१११

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूनृतवादिनी | १९३४ | वाराणसी | ---------- |
| मंजूषा | १९३६ | कलकत्ता | डॉ. क्षितीशचंद्र चटर्जी |
| सुरभारती | १९४३ | भूलेश्वरपु-मुम्बई | श्रीगोविंदवल्लभ शास्त्री |
| भक्तिव्यम् | १९५१ | नागपुर | श्रीधरभास्कर वर्णेकर |
| वैजयन्ती | १९५६ | वागलकोट | पण्टरीनाथाचार्य |
| पण्डित-पत्रिका | १९५३ | दुर्गाकुण्ड वाराणसी | पं. महादेव शास्त्री |
| भाषा | १९५५ | गुन्टूर | गो.स. काशी कृष्णचार्य |
| गाण्डीवम् | १९६४ | वाराणसी | रामबालक शास्त्री |

गाण्डीवम् संस्कृत पत्र आज तक सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रकाशित हो रहा है। इसके संस्थापक सम्पादक श्री रामबालक शास्त्री जी थे। यह संस्कृत साप्ताहिक पत्रिकाओं में विशिष्ट स्थान रखती है। इसमें अनेक संस्कृत सम्बन्धी सूचनाएँ दी जाती हैं।

बीसवीं शताब्दी को संस्कृत पत्रकारिता का स्वर्ण युग कहा जा सकता है। इस काल में संस्कृत ग्रंथों के प्रति लोगों को विशेष अनुराग दृष्टिगत होता है। उन्नीसवीं शती में अनेक पाक्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। उसी नींव पर बीसवीं शताब्दी में भी अनेक पाक्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन हुआ था। विद्वन्मनोरंजिनी पाक्षिक पत्रिका का प्रकाशन अक्टूबर १९०७ ई. कांची से आरम्भ हुआ। कांची महान्कवि दण्डी की जन्मभूमि एवं संस्कृत विद्या केन्द्र स्थली रही है। इस पत्रिका का प्रकाशन वैजयन्ती पाठशाला के प्राचार्य के सम्पादकत्व में होती थी। ट्रिप्लीकेन मद्रास से १९०७ ई. में 'मनोरंजिनी' संस्कृत पाक्षिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। सन् १९१० 'अमरभारती' का संस्कृत पाक्षिक पत्रिका त्रिवेन्दरम् केरल से प्रकाशन हुआ। इसके सम्पादक कुट्टचेटि आर्य शर्मा जी थे। सन् १९१८ में 'मित्रम्' का प्रकाशन पटना से प्रारम्भ हुआ। संस्कृत की प्रसिद्ध पाक्षिक पत्रिका सन् १९२६ में वाराणसी के शारदाभवन से 'सहस्रांशु' नाम से प्रकाशित हुई। इसके सम्पादक गौरीनाथ पाठक थे। इस पत्र की भाषा सरल एवं सहज जन सामान्य के लिए बोधगम्य थी। 'वाङ्मय' संस्कृत पत्र का प्रकाशन १९४० के लगभग वाराणसी से प्रारम्भ हुआ। इस पत्र की सूचना 'श्री' पत्रिका से प्राप्त होती है। १९४० ई. से वाराणसी से उच्छृंलम् पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। इस पत्र की सबसे बड़ी विशेषता थी कि उसे अमावस्या और पूर्णिमा के दिन ही प्रकाशित किया जाता था। जिससे भारतीय संस्कृति का वर्णन स्वत: हो जाता था। इसका प्रकाशन और प्राप्ति स्थल उच्छृल कार्यालय वाराणसी सिटी था। इसके सम्पादक सम्भवत: श्री सिद्धलिंगस्तैलंग जी थे। इनका मूल नाम माधव प्रसाद मिश्र था। सन् १९५८ में 'भारतवाणी' पत्रिका का प्रकाशन पूना से डॉ. ग.वा. पलसुले के सम्पादकत्व में प्रारम्भ हुआ। इस पत्रिका का वार्षिक मूल्य मात्र पाँच रुपया था। इसमें समाचारों के साथ-साथ कविताएँ, कहानियाँ, निबंध तथा अनूदित साहित्य भी विशेष रूप से प्रकाशित किये जाते थे। 'संस्कृतवाणी' पत्र का प्रकाशन १९५८ ई. से प्रारम्भ हुआ। इसका प्रकाशन स्थल राजमुद्री था तथा इसके सम्पादिका श्रीमती एन.सी. जगन्नाथन थी। इस पत्र की सम्पादिका स्त्री होने से तत्कालीन स्त्री संस्कृत चेतना का परिचय भी मिलता है। सन् १९५९ में पूना से 'शारदा' पत्रिका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। इसके सम्पादक वसन्त अनन्त गाडगिल जी थे तथा

प्रकाशन स्थल ४२५ सदाशित पेठ पुणे था। इसमें बालसाहित्य की सामग्री का विशेष रूप से प्रकाशन किया जाता था। जिससे बालक को प्रारम्भिक जीवन से ही संस्कृत भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न हो जाय। इसमें आकाशवाणी समाचार, नाटकों के चित्र, उत्सवों का विवरण, जीवन-चरित्र, संस्कृत विश्ववार्ता एवं समालोचना का भी प्रकाशन होता था। पाक्षिक पत्र-पत्रिकाओं ने 'शारदा' का महत्त्वपूर्ण स्थान था। संस्कृत जगत् में इसके अतुलनीय सेवा को भुलाया नहीं जा सकता है।

बीसवीं शती में प्रकाशित होने वाली मासिक संस्कृत पत्रिकाओं की अत्यधिक संख्या थी। अनेक ऐसे पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था, जिनकी सूचना अन्य पत्र-पत्रिकाओं में मिलती है। बीसवीं शताब्दी के मासिक पत्रिकाओं में नाटक, कहानी, चुटकुले, निबंध आदि के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक निबंधों का प्रकाशन होता था। इन पत्रिकाओं में विश्वबन्धुत्व एवं राष्ट्रीय एकता और तदनुकूल भावोन्मेष मिलता है। अतः इनका वर्णन करना प्रसंगानुकूल रहेगा। 'ग्रन्थप्रदर्शिनी' संस्कृत मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९०१ में विशाापट्टनम से प्रारम्भ हुआ। इसके सम्पादक पण्डित एस. दी ह्वी ग्नाथ स्वामी थे। इसका प्रकाशन १९०३ ई. तक निर्बन्ध होता रहा। मासिक पत्रिका के रूप में १९०१ का वर्ष बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस साल धर्मचन्द्रिका, सुदर्शन धर्मपताका, भारतधर्म, पुराणादर्श, अभिमास, निर्णय और प्रकटनपत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था। भारत धर्म का प्रकाशन चिदम्बरम् से, प्रकटनपत्रिका का प्रकाशन त्रिचनापल्ली से प्रारम्भ हुआ। ये सभी पत्रिकाएँ धार्मिक भावना के उदय के लिए प्रकाशित की जाती थी। तत्कालीन समय में अंग्रेजी शासन अपने अंग्रेजीयत से भारतीय धर्म एवं संस्कृति को छिन्न-भिन्न कर रही थी। अतः भारतीयों को अपनी भाषा एवं संस्कृति की ओर उन्मु करने के लिए संस्कृत पत्रिकाओं का उदय हुआ क्योंकि संस्कृत ही संस्कृति की सम्बाहिका होती है। नादु  काबेरी (तंजोर) से सन् १९०२ में 'ब्रह्मविद्या' का प्रकाशन हुआ। इसके सम्पादक परम ब्रह्मश्री विद्वान् श्रीनिवास दीक्षित जी थे। सन् १९०२ में 'विद्याविनोद' पत्र के प्रकाशन की सूचना संस्कृत चन्द्रिका पत्रिका से मिलती है। यह पत्र भरतपुर से प्रकाशित किया जाता था। वाराणसी से 'सुक्तिसूधा' नामक मासिक पत्रिका प्रकाशन १९०३ ई. में प्रारम्भ हुआ। इसके सम्पादक भवानीप्रसाद शर्मा जी थे। यह पत्र में प्रत्येक मास के पूर्णिमा के दिन प्रकाशित किया जाता था। जयपुर-राजस्थान से संस्कृत साहित्य सम्मेलन से 'संस्कृतरत्नाकर' पत्र का प्रकाशन सन् १९०४ में प्रारम्भ हुआ। इस पत्र में जयपुर के विद्वान् अनेक सुन्दर-सुन्दर निबंधों को लिकर प्रकाशन के लिए भेजते थे। यह पत्रिका भट्टमथुरानाथ शास्त्री के सम्पादकत्व में बहुत दिन तक प्रकाशित होती रही।

इसी प्रकार अनेक मासिक संस्कृत पत्रों का प्रकाशन हुआ जो संस्कृत जगत् को उन्नत बनाने में सहायक हुए वे निम्न हैं-

| | | | |
|---|---|---|---|
| मित्रगोष्ठी | १९०४ | वाराणसी | महामहोपाध्याय रामावतार शर्मा |
| विद्वद्गोष्ठी | १९०४ | वाराणसी | ......................... |
| विचक्षणा | १९०५ | पेरुटुम्बुर | ......................... |
| विशिष्टाद्वैतिनि | १९०५ | श्रीरंगम् | ए. गोविन्दाचार्य |
| सद्धर्म | १९०६ | मुथरा | श्री वामनाचार्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहृदया | १९०६ | त्रिचनापल्ली | ........................ |
| षड्दर्शिनी | ....... | श्रीरंगम् | वासुदेव दीक्षित |
| आर्यप्रभा | १९०९ | कलकत्ता | श्री कुंजबिहारी |
| साहित्यसरोवर | १९१० | ............... | .......................... |
| पुरुषार्थ | १९१० | धारवाड़ | चिन्तामणि |
| उषा | १९१३ | हरिद्वार | पं. हरिश्चन्द्र विद्यालंकार |
| शारदा | १९१३ | दारागंज प्रयाग | चन्द्रशेर शास्त्री |
| व्याकरण ग्रंथावली | १९१४ | मद्रास | चक्रवर्ती रायपेटटै, कृष्णआचार्य |
| श्री शिवकर्माणिदीपिका | १९१५ | कुम्भकोणम् | चन्द्रशेखर शास्त्री |
| संस्कृत महामण्डलम् | १९१९ | कलकत्ता | श्री लक्ष्मणशास्त्री |
| सुप्रभातम् | १९२३ | वाराणसी | श्री देवीप्रसाद शुक्ल |
| सरस्वती | १९२३ | मद्रास | राजावासिरेड्डी |
| सूर्योदय | १९२६ | वाराणसी | बिन्देश्वरी प्रसाद शास्त्री |
| सूरभारती | १९२६ | मीरघाट, वाराणसी | .............................. |
| उद्यान पत्रिका | १९२६ | तिरुपति | डी.टी. ताताचार्य |
| उद्यौत | १९२८ | लाहौर | नृसिंह देवशास्त्री |
| अमर भारती | १९३४ | बनारस | नारायण शास्त्री खिस्ते |
| मंजुषा | १९३५ | कलकत्ता | क्षितीश शास्त्री चट्टोपाध्याय |
| वल्लरी | १९३५ | वाराणसी | केशवदत्त पाण्डेय |
| ज्योतिष्मति | १९३६ | वाराणसी | बलदेव प्रसाद मिश्र |
| भारतश्री | १९४० | अस्सी, काशी | ...................... |
| मनोरमा | १९४९ | बेहरामपुर, बम्बई | रामस्वरूप शास्त्री |
| संस्कृत प्रतिमा | १९५१ | वाराणसी | रामगोविंद शुक्ल |
| दिव्य ज्योति | १९५५ | शिमला | दिवाकर दत्त शर्मा |
| विद्या | १९५६ | बेलगांव | बरेड़ी नरसिंह |
| जयतु संस्कृतम् | १९६० | काठमाण्डु | श्रीप्रसाद गौतम |
| साहित्य वाटिका | १९६० | दिल्ली | यशोदानन्द भारद्वाज |

द्वैमासिक संस्कृत पत्रिकाओं का भी बीसवीं शताब्दी में प्रकाशन होता था। श्री काशी–पत्रिका प्रथम द्वैमासिक संस्कृत पत्रिका थी। इसका प्रकाशन १९०१ ई. वाराणसी से हुआ। सन् १९३२ में पूना से 'भारतसुधा' नामक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। यह पत्रिका भारतसुधा पाठशाला के अधिकारियों द्वारा प्रकाशित की

परांजपे, प्रो. शंकर वामन दांडेकर, श्री शैलाद्रि गोविंद कानडे और पुरुषोत्तम गणेश शास्त्री आदि विद्वान के सम्पादन मण्डल में सुचारु रूप से प्रकाशित हो रही थी। इस प्रकार द्वैमासिक दो ही संस्कृत पत्रिकाएँ प्रकाशित हुई। जो बहुश्रुत एवं धार्मिक पत्र थे। इसमें साहित्य संस्कृति का सहभाव दिखलायी पड़ता है। संस्कृत पत्रकारिता के रूप में त्रैमासिक संस्कृत पत्रिका का भी प्रकाशन ठीक प्रकार से किया जाता था। सन् १९४२ में वाराणसेव संस्कृत महाविद्यालय से 'सरस्वती सुषमा' का प्रकाशन आरम्भ हुआ। इसमें कविता, कहानी एवं निबंधों का संकलन रहा करता था। निबंध सदैव गूढ़तत्त्वों का प्रकाशन करने वाले होते थे। इसके सम्पादक डॉ. मंगलदेव शास्त्री जी थे। जो संस्कृत के उच्चकोटि के विद्वान थे। विद्यालयपत्रिका संस्कृत जगत की प्रसिद्ध पत्रिका थी। इसका प्रकाशन १९३२ ई. में माथुर चतुर्वेद संस्कृत विद्यालय, मथुरा से प्रारम्भ हुआ। इस पत्रिका के सम्पादक का पुरुषोत्तम शर्मा चतुर्वेदी जी थे। आचार्य द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री के सम्पादकत्व १९६० ई. में 'संस्कृतप्रभा' पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। इसका प्रकाशन मेरठ से होता था। इसमें संस्कृत विषय से सम्बन्धित अनेक कविता, कहानी, निबंधों का प्रकाशन होता था। सन् १९६० में संस्कृत भाषा प्रचारिणी सभा चितुर से 'गैर्वाणी' पत्रिका का प्रकाशन किया गया। इसके सम्पादक वरदराजन् पन्तुल जी थे। यह सचित्र पत्रिका थी। इसमें सभा का विवरण, सुभाषित, आन्ध्रप्रदेश संस्कृत  परीक्षा की सूचना आदि का भी प्रकाशन किया जाता था। सन् १९६२ में सागर (म.प्र.) से सागरिका नामकएक उच्चकोटि की पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ जिसके संस्थापक सम्पादक प्रो. रामजी उपाध्याय, अध्यक्ष-संस्कृत विभाग, सागर विश्वविद्यालय, सागर थे। यह पत्रिका प्रारम्भ में मासिकी थी। परन्तु दूसरे वर्ष से त्रैमासिक हो गई। तभी से यह पत्रिका अबाध गति से प्रकाशित हो रही है। यह पत्रिका नितनूतनता, गम्भीरता से परिपूर्ण शोध निबंधों का प्रकाशन करती है। संस्कृत मनीषियों के जीवनी, गीत और रूपकों का प्रकाशन यदा-कदा 'सागरिका' में प्रकाशित होता रहता है। आज भी यह पत्रिका उसी अपनी नूतनता को ओढ़ी हुई है जो प्रारम्भिक अवस्था में थी। इसके गाम्भीर्य विषय का प्रवर्तन आज भी सहृदयों द्वारा किया जाता है। १९८३ में एक और पत्रिका श्नाट्यम्श का प्रकाशन संस्कृत विभाग, सागर विश्वविद्यालय, सागर से ही प्रारम्भ हुआ। जिसके संस्थापक संपादक प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी जी हैं। यह पत्रिका रंगमंच सौन्दर्यशास्त्र की अपने आप में एक विशिष्ट पत्रिका है। जिसमें मात्र हिन्दी भाषा में नाट्य विधा एवं नाटक महिमा के विविध पक्षों का उद्घाटन किया जाता है। आज भी इस पत्रिका का संपादन प्रो. त्रिपाठी जी ही कर रहे हैं। तिरूव्याय (मद्रास) से किसी समय संस्कृत त्रैमासिक 'भारतीय' पत्रिका का प्रकाशन हुआ था। परन्तु इस पत्रिका की प्रतियाँ अनुपलब्ध हैं। इसी प्रकार तत्कालीन समय में विश्वसंस्कृतम् होशियारपुर से, 'संवित' बम्बई से, 'संगमनी' प्रयाग से, 'गुंजारवः' अहमदनगर से, 'पाटलश्रीः' पटन से, 'मधुमती' उदपपुर से प्रकाशित होती थी। वे सभी पत्रिकाएँ अपने गूढ़ ज्ञान से साहित्य संस्कृत प्रेमियों का रंजन किया करती थी। त्रैमासिकी संस्कृत पत्रिका की ही भाँति चतुर्मासिक पत्रिकायें भी भारत के लगभग सभी प्रान्तों से प्रकाशित की जाती थी। सन् १९३० में श्रीचित्रा नामक पत्रिका का प्रकाशन श्री महामोहपाध्याय एस. नीलकण्ठ शास्त्री के सम्पादकत्व में 'त्रावणकोर' विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्यालय से हुआ। इस पत्रिका के सम्पादक श्री एन.गोपाल पिल्लई जी थे। वह अपने समय की उच्चकोटि की पत्रिका थी।

इसके प्रत्येक अंक में लगभग छत्तीस पृष्ठों में विविध वाङ्मय प्रकाशित होता रहा। सात वर्ष तक इस पत्रिका का प्रकाशन होता रहा। एक केरलग्रंथमाली भी पत्रिका थी जो चतुर्मासिक पत्रिका थी। मित्रगोष्ठी के अनुसार १९०६ ई. में इसका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था[२३]।

संस्कृत पत्र-पत्रिकाओं की बढ़ती बहुआयामी व्यापकता के रूप में अप्रैल १८५९ ई. ने साहित्य अकादमी, नई दिल्ली से संस्कृत प्रतिभा पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ। इसके सम्पादक डॉ. राघवन जी थे। इस पत्रिका का प्रत्येक अंक लगभग सौ पृष्ठ का हुआ करता था। यह विशुद्ध संस्कृत की पत्रिका थी। इसके प्रथम भाग में सम्पादकीय रहता है। इसी भाग में अर्वाचीन ण्डकाव्य प्रकाशित किये जाते हैं। तीसरे भाग में गद्य-प्रबंध तथा चतुर्थ भाग में रूपकों का प्रकाशन होता है। पाँचवें भाग में अनुवाद प्रकाशित किये जाते हैं। पत्रिका में संस्कृत भाषा में रचित अनेक अर्वाचीन ग्रंथों का प्रकाशन भी होता रहा है। सन् १९६७ से आरा-बिहार से मागधन पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ। यह पत्र नेमिचन्द्र शास्त्री के सम्पादकत्व में प्रकाशित हुई।। इसमें अर्वाचीन कवियों की कृतियों का प्रकाशन हुआ। महाकवि कालिदास से सम्बन्धित इससे एक विशेषांक भी प्रकाशित हुआ था जो बहुत ही गौरवपूर्ण था। दैनिक साप्ताहिक पाक्षिक मासिक, द्वैमासिक, त्रैमासिक, चतुर्मासिक और षण्मासिक पत्रिकाओं के प्रकाशन में अनन्तर वार्षिक पत्रिकाओं का क्रम आता है। वार्षिक पत्रिकाओं में विशेषकर शोधात्मक एवं गूढात्मक निबंधों का प्रकाशन किया जाता है। नवीन अनुसंधान से मानव व्यक्तित्व का अपारबौद्धिक उन्नति होती है। नवीन तथ्यों की जानकारी से अज्ञात के प्रति केवल उसकी जिज्ञासा तथा ज्ञान-पिपास ही शान्त व संतुष्ट नहीं होती बल्कि उसकी चिन्तन शक्ति, कल्पना शक्ति, विश्लेषण शक्ति तथा सर्जनात्मक शक्ति का भी अत्यधिक विकास होता है। इस प्रकार वार्षिक अनुसंधान संस्कृत पत्रिका ने मानव व्यक्तित्व को बौद्धिक रूप से विकसित करने में एक अति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है।

सन् १९४१ में बंगलौर से अमृतवाणी नामक संस्कृत शोध पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ। इसके सम्पादक विद्याभास्कर विद्वान एस.रामकृष्ण थे। यह पत्रिका सेंट जोसेफ कॉलेज की संस्कृत सभा से प्रकाशित आरम्भ  इसकी जीवन आयु लगभग तेरह साल की थी। इस पत्रिका का उत्तर भारत में विशेष प्रचार नहीं हो सका था, परन्तु दक्षिण भारत में यह विद्वानों द्वारा अत्याधिक सम्मानित थी। इसमें उच्चकोटि के निबंधों का प्रकाशन होता था। वार्षिक पत्रिकाओं में निबंधों की कमी नहीं होती थी। फलस्वरूप श्रेष्ठ निबंधों का चुनाव करके ही प्रकाशन किया जाता था। सन् १९५८ में उस्मानिया विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर्येन्द्र शर्मा ने 'तरंगिनी' नामक संस्कृत शोध पत्रिका का सम्पादन किया। इसमें उत्कृष्ट निबंधो के साथ-साथ श्रेष्ठ कविताओं को भी प्रकाशित किया जाता था। डॉ. वी. राघवन् के सम्पादकत्व में 'संस्कृतरग' पत्र का प्रकाशन १९५८ ई. से हुआ। सन् १९५९ ई. में लखनऊ विश्वविद्यालय की ज्ञानवर्धिनी सभा से डॉ. सत्यव्रत सिंह के सम्पादकत्व में 'ज्ञानवर्धिनी' संस्कृत पत्रिका का प्रकाशन हुआ। इसमें छात्रों की कविताओं के साथ-साथ उच्च श्रेणी के निबंध भी प्रकाशित किये जाते थे। सन् १९५९ ई. में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय संस्कृत महाविद्यालय की मुख पत्रिका

२३. मित्रगोष्ठी, ३/१०

के रूप में हस्तलिति 'सुरभारती' पत्रिका का प्रकाशन हुआ। धनाभाव के कारण यह हस्तलिखति ही प्रकाशित होती थी। इसके सम्पादक विश्वनाथ शास्त्री जी थे। इस वार्षिक पत्रिका में प्राचीन भारतीय विद्याओं के संबंध में लघु निबंध मिलते हैं। सन् १९६१ में मध्यप्रदेश के रायपुर जिले से 'मेधा' नामक संस्कृतपत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। राजकीय विद्यालय से दूधाधारी संस्कृतपत्रिका प्रकाशित हुई। इसके सम्पादकत्व का भार प्राचार्य पर रहता था। विद्यालय के अध्यापकों के निबंधों का प्रकाशन विशेष रूप से किया जाता है। सन् १९६२ में एक और सुरभारती संस्कृतपत्रिका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। यह पत्रिका बढ़ोदरा संस्कृत महाविद्यालय (बड़ौदा) की मुख्य पत्रिका थी। यहीं से इसका प्रकाशन भी हुआ। उसी प्रकार अनेक वार्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन होता रहा है। आरण्यकम् संस्कृत शोध पत्रिका का प्रकाशन संस्कृत प्रसार परिषद् आरा से सन् १९८७ से आरम्भ हुआ। तब से इसके प्रकाशन कार्य अवधि गति से चल रहा है। इसमें व्याकरण, दर्शन साहित्य एवं वेद आदि से संबंधित विषयों के शोध-निबंधों का प्रकाशन होता है। इसके सम्पादक डॉ. गोपबन्धु मिश्र जी हैं। जो इस समय संस्कृत विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आचार्य एवं अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इस प्रकार बीसवीं शताब्दी में अनेक संस्कृत पत्रिकाओं के प्रकाशन से संस्कृत प्रज्ञा आलोक का सहज दर्शन हो सका।

इक्कीसवीं शताब्दी में भी संस्कृत पत्रकारिता का विशिष्ट स्थान है। इसके विविध प्रकाशनो से संस्कृत साहित्य समृद्ध हुआ है। सन् २००२ में संस्कृत मंजरी मासिकी पत्रिका का प्रकाशन दिल्ली संस्कृत अकादमी से हुआ। इसका सम्पादकत्व सचिव के अधीन रहा करता है। इसमें संस्कृत भाषा के श्रेष्ठ निबंधों का प्रकाशन होता है। इस पत्रिका में साहित्य, व्याकरण, दर्शन, वेद, आदि विषय से संबंधित निबंधों का प्रकाशन किया जाता है। संस्कृतविद्या नामक संस्कृत धर्म विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से संस्कृत की शोध पत्रिका का प्रकाशन २००२ से हो रहा है। यह वार्षिक पत्रिका है। संकाय प्रमु के सम्पादकत्व में इसका प्रकाशन होता है। इसका प्रारम्भिक नाम 'प्राच्यविद्या' था। जगद्गुरु समानन्दचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से 'वयम्' नामक संस्कृत शोध पत्रिका प्रकाशन २००६ से हो रहा है।

संस्कृत शोध की अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका प्राच्यविद्यानुसंधानम् का प्रकाशन जागृति बिहार, मेरठ, उत्तरप्रदेश से २००५ ई. में हुआ। इसके सम्पादक डॉ. वेदपपाल जी है। डॉ. वेदयाल जी जनता वैदिक कॉलेज बड़ौदा बागपत में संस्कृत विषय के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। यह पत्रिका हिन्दी और संस्कृत दोनों भाषाओं में प्रकाशित होती है। इसमें साहित्य, दर्शन, वेद, व्याकरण, भाषा-विज्ञान आदि विषयों के उत्कृष्ट निबंधों का प्रकाशन होता है। वर्ष में दो अंक का प्रकाशन होता है। संस्कृत भाषा में प्रकाशित होने वाली 'वाकोवाक्यम्' अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्कृत शोध पत्रिका है। आजकल काशी से प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं में इस पत्रिका का गौरवमय स्थान है। सन् 2008 से यह पत्रिका नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। अब तक पाँच अंक प्रकाशित हो चुके हैं। इस पत्रिका का सम्पादक डॉ. विवेक पाण्डेय जी है। वाकोवाक्यम् शोध संस्थान वाराणसी से वर्ष में दो बार (अप्रैल-सितम्बर, अक्टूबर-मार्च) प्रकाशित होती है। इसमें संस्कृत के अच्छे विद्वानों के शोध निबंधों का प्रकाशन होता है। साहित्य, दर्शन, वेद, व्याकरण के रहस्यमय विषय को प्रकाशित करना इस पत्रिका का मूलोद्देश्य है।

वर्ष २००८ में श्री पट्टाभिराम शास्त्री वेद मीमांसा एवं अनुसंधान केन्द्र हनुमदघट्ट वाराणसी से वार्षिक

पत्रिका 'अनुसंधानवल्लरी' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। इसमें संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओं के निबंधों का प्रकाशन किया जाता है। साहित्य, व्याकरण, वेद, दर्शन के महनीय विषयों का प्रकाशन होता है। इसके संरक्षक प्रो. श्री किशोर मिश्र है, जो वेद विषय के प्रखर विद्वान माने जाते हैं। उसकी सम्पादिका प्रो. मनुलता शर्मा है। २०११ में सुरीचि कला प्रकाशन वाराणसी से पत्रिका 'सुसंस्कृतम्' पत्रिका का सम्पादन डॉ. हरिप्रसाद अधिकारी जी ने प्रारम्भ किया है। यह भी पत्रिका शोध के क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान रती है। इसमें संस्कृत विषयाधारित हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में उच्च कोटि के ही शोध निबंधों का प्रकाशन किया जाता है।

